वर्ष- 21 अंक - 258 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
होली
सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 03 मार्च 2026

# 'महायुद्ध' का अलर्ट



## दुबई, कतर, सऊदी अरब में ईरान के ताबड़तोड़ हमले

मंगलवार ● एजेंसी

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद मिडिल ईस्ट में जंग अब भयावह होती जा रही है। अब हालात ऐसे हो गए कि महायुद्ध का अलर्ट जारी करना पड़ा है। अमेरिका और ईरान दोनों ने बड़े हमलों की धमकी दी है। अमेरिका को डर है कि ईरान अब खामेनेई की मौत का बदला लेने के लिए अमेरिका पर हमला कर सकता है। अमेरिका ने बहरीन, मिस्र, ईरान, इराक, इजरायल, वेस्ट बैंक, गाजा, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यमन में रहने वाले अमेरिकियों से कहा है कि वे तुरंत वहां से निकल जाएं। इस बीच ईरान ने दुबई में अमेरिकी मिलिट्री ठिकाने पर हमला किया, जबकि कतर में भी 92 मिसाइलें और 17 ड्रोन दागे। सऊदी अरब में अमेरिकी एंबेसी पर ड्रोन से हमला किया। खबर है कि ईरान में अब तक 742 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर इजराइल में ईरान के हमले से अमेरिकी एंबेसी में आग लग गई।

### डरे अमेरिका ने अपने नागरिकों को 12 से ज्यादा देश छोड़ने का दिया निर्देश

### खामेनेई की मौत का बदला लेने के लिए अमेरिका पर हमला कर सकता है ईरान

### ये युद्ध कई साल तक नहीं चलेगा

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ जल्द और निर्णायक सैन्य कार्रवाई का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि यह सैन्य संघर्ष वर्षों तक खींचने की योजना नहीं है।



### ईरान के आसमान में महिला पायलटों का प्रहार

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच इजरायल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' को अंजाम दिया है। इस बड़े सैन्य अभियान के तहत करीब 30 महिला एयरक्रू मेंबर्स ने मोर्चा संभाला। ईरान के आसमान में जारी हवाई हमलों में इस बार महिला पायलटों ने कमान संभाली है।

## समंदर में ट्रैफिक जाम! 1100 से अधिक तेल टैंकर फंसे



**मंगलवार.एजेंसी।** जंग के बीच समंदर में भी ट्रैफिक जाम हो गया और 1100 से अधिक तेल टैंकर फंस गए। दुनिया के प्रमुख तेल परिवहन जलमार्गों में शामिल 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' जो ईरान और ओमान के बीच स्थित है, इस समय भीषण डिजिटल ब्लैकआउट का सामना कर रहा है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य हमलों के बाद यह इलाका इलेक्ट्रॉनिक वॉर जोन में बदल गया है। एक तो युद्ध ऊपर से तेल टैंकर फंसने के कारण भारत सहित कई देशों में तेल का संकट गहरा सकता है।

### कल अवकाश

कल होली के रंगारंग पर्व धुलेंडी के अवसर पर सिटी ब्लास्ट कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 5 मार्च गुरुवार को प्रकाशित होगा। सभी स्नेहीजनों को रंगोत्सव की रंगारंग बधाई...। -प्र.सं.

### दुबई और अबू धाबी में फंसे कई भारतीय लौटे

**मंगलवार.एजेंसी।** भारत के करीब 1 करोड़ लोग युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित लाने का काम शुरू हो गया। अबू धाबी से पहली उड़ान बेंगलुरू आई। इस विमान में आने वाले यात्रियों ने बताया कि वहां का मंजर डरावना था। होटल के पास धमाके हो रहे थे। इसी तरह दुबई में फंसे भारतीयों के एक जत्थे को लेकर एक फ्लाइट मुंबई पहुंची। इस फ्लाइट में यात्रियों ने बताया कि दुबई के एयरपोर्ट पर भगदड़ जैसे हालात बन गए थे।

### बंकर ढूंढने को मजबूर भारतीय

**मंगलवार.एजेंसी।** खाड़ी देशों और ईरान में रह रहे लाखों भारतीय फंस गए हैं। लोग अब बंकरों में शरण लेने को मजबूर हैं और भारत सरकार से सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं।

### आज चांद पर ग्रहण

**मंगलवार.एजेंसी।** इस साल का पहला चंद्रग्रहण आज दोपहर से लगकर शाम तक रहेगा। ग्रहण का सूतक काल सुबह-सुबह शुरू हो चुका है। यह ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा। इसलिए आज सुबह से ही मंदिरों के पट बंद हैं। शाम को ग्रहण के समापन के बाद मंदिरों के पट खुलेंगे।

## तुर्की ने दी अमेरिका को धमकी

### परमाणु बम को लेकर किम जोंग उन कंफ्यूज

मंगलवार.एजेंसी। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने अमेरिका और इजरायल को ईरान पर हमले के खिलाफ वॉर्निंग दी है। उन्होंने ईरान पर अमेरिकी हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। एर्दोगन ने चेतावनी दी कि अगर इन हमलों को नहीं रोका गया तो क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उधर परमाणु बम को लेकर उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन दुविधा में हैं। दुविधा यह है कि वे अमेरिका से बिना शर्त बातचीत करें या पहले खुद को परमाणु राष्ट्र के रूप में मान्यता दिलाने पर जोर दें। चीन और रूस से नजदीकी भी उनके आत्मविश्वास का आधार मानी जा रही है।

## संभल में 68 तीर्थों पर पहली बार होली

**संभल.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के संभल में खोजे गए 68 तीर्थों पर पहली बार भव्य होली मनाने की तैयारी है। जिले में 64 जुलूस निर्धारित किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में बॉक्स फॉर्मेट जुलूस, 250 सीसीटीवी, ड्रोन निगरानी और पीएसी तैनाती के साथ प्रशासन ने फुलप्रूफ सुरक्षा प्लान लागू किया है। तीर्थों पर दीपोत्सव और रंगोत्सव आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## होली मनाने जा रहे पति-पत्नी समेत 6 की मौत

**हाथरस.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के हाथरस में यमुना एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस और ईको वैन की भीषण टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार उछलकर 10 फीट दूर जा गिरी। मारे गए लोग धौलपुर (राजस्थान) के निवासी बताए जा रहे हैं। इनमें होली मनाने जा रहे पति-पत्नी भी शामिल हैं।

## पाक ने कहा—भारत एक और युद्ध की तैयारी में

**इस्लामाबाद. एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दावा किया है कि भारत एक और युद्ध की तैयारी कर रहा है। पाकिस्तानी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाइयों की निंदा करते हुए उसकी संप्रभुता का समर्थन किया।

## पाकिस्तान के दो और पोस्ट पर तालिबान ने किया कब्जा



**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान को अफगानिस्तान-तालिबान ने एक और झटका दे दिया है। तालिबान ने डूरंड लाइन पर दो पोस्टों पर कब्जा कर लिया है अफ़गानिस्तान की सेनाओं ने कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक और शोराबक ज़िलों में काल्पनिक डूरंड लाइन के पास पाकिस्तानी मिलिट्री पोस्ट पर कब्ज़ा कर लिया है।

# सरकार के आदेश पर अधिकारियों का उल्लंघन -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके अघोषित आदेश पर अधिकारियों व्दारा लगातार कानून का उल्लघंन किया जा रहा है। मप्र में और खासतौर पर इंदौर जिले में पंजीयकों व्दारा रजिस्ट्री के बकाया राशि होने पर सीधे सीधे बैंक खाते सीज करवाए जा रहे हैं। पक्षकारों को कोई अंतिम सूचना दिए बिना नियम कायदे कानून से ऊपर उठकर यह काम किया जा रहा है। बैंक अधिकारियों व्दारा भी पूरी तरह कानून की जानकारी लिए बिना सीधे-सीधे खाते सीज किए जा रहे हैं।**

व्दिवेदी ने सवाल उठाया कि जब बिधान में अपील का अधिकार है और अपील 25% राशि जमा करने के बाद होती है तो क्यों कर इसका नोटिस जारी किया जाता है। विधान में उक्त संपत्ति जिसपर बकाया है उसे जब्त करने का अधिकार है उसे जब्त किया जा रहा है। विधान में 2% ब्याज राशि लेने का नियम है तो क्यों इसका पालन किया जा रहा है। सीधे-सीधे बैंक खाते सीज किए जा रहे हैं, भले व्यक्ति या उसका परिवार रोग ग्रस्त हों, अस्पताल में भर्ती हो, उसके घर मांगलिक कार्य हो रहा हो, मय्यत हुई हो, वह यात्रा पर हों, बैंक अधिकारियों द्वारा दबाव प्रभाव में आकर खाते सीज किए जा रहे हैं। मप्र में पंजीयन विभाग हिटलरशाही एवं अराजकता पर उतर चुका है। इस वर्ष अनाप-शनाप गाईड लाईन बढ़ाने से लक्ष्य पूरा होता दिख नहीं रहा तो अधिकारियों ने हिटलरशाही अपना ली है। नियम कायदे कानून कहते हैं कि सीज करना अंतिम उपाय है। कानून कहता है प्राकृतिक न्याय सिध्दांत का पालन हो, परंतु यह सब नहीं किया जा रहा है।



## त्रिपुरा के मुख्यमंत्री का परिवार के साथ स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा अपनी पत्नी के साथ इंदौर आए और वे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास नन्दानगर पहुंचे। जहां उनकी अगवानी पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने की। स्वागत आशा विजयवर्गीय और विजयवर्गीय परिवार ने किया।



## आप के नवेले पदाधिकारी का हुआ समाज में सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री नागर चित्तौड़ा महाजन समाज की केंद्रीय समिति मालवांचल के द्वारा कमल गुप्ता एडवोकेट इंदौर आम आदमी पार्टी की प्रदेश समिति में उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सम्मान किया गया। कमल गुप्ता का उदबोधन भी हुआ।

# झूलेलाल जयंती के 15 दिनी महोत्सव में प्रभातफेरी और बहराणा यात्राएं





## सिंधी समाज के आयोजन में शामिल हुए सांसद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भगवान झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज की चेटीचंड उत्सव समिति द्वारा 15 दिवसीय चेटीचण्ड महोत्सव 15 से 29 मार्च तक मनाया जाएगा, जिसके अन्तर्गत सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में प्रभातफेरी एवं बहराणा यात्राएं निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर समिति ने सिंधी समाजजनों के साथ बैठक का आयोजन किया। समिति के नरेश फुंदवानी ने बताया कि अखंड ज्योति मंदिर छत्रीबाग में संत गीता ठाकुर के सानिध्य में बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सांसद शंकर लालवानी भी मौजूद रहे। इस दौरान हरीश डावानी, खेमचंद शादीजा, नरेश फुंदवानी, अजय शिवानी, चन्द्रकुमार माखीजा, रवि भाटिया, ईश्वर झामनानी भी मौजूद रहे। समिति का गठन कर अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंपी गई। महोत्सव में युवा पीढ़ी को सिंधी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता से रूबरू करवाया जाएगा। समाज की 50 संस्थाएं समाज की एकता के साथ बहराणा साहिब यात्रा निकाली जाएगी। वहीं वाहन रैली, साइकल रैली, सिंधु ज्ञान प्रतियोगिता, सिंधू कार्निवाल एवं फूड मेला, झूलेलाल महिला कलश यात्रा, झूलेलाल साईं की भव्य पालकी यात्रा, सिंधी मिलन समारोह, होजमालो कार्निवाल, सिंधी क्रिकेट लीग के साथ साथ मंदिरों में श्री अमर कथा एवं सिद्धांत सागर पाठ, ब्राह्मण व संत भोज, आम भंडारा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# दो कर्मचारियों की मौत से निगम की पोल खुली -कांग्रेस

## इस घटना पर तो दर्ज कर दो जिम्मेदार अधिकारियों पर मुकदमा -चौकसे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि चोइथराम मंडी के पास ड्रेनेज चेंबर हादसे में दो कर्मचारियों की मौत से नगर निगम के द्वारा किए गए आधुनिकीकरण की पोल खुलकर सामने आ गई। इस घटना में मृत कर्मचारियों के परिवारों को 50-50 लाख का मुआवजा दिया जाना चाहिए। चौकसे ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। इस घटना ने इस सच्चाई को उजागर कर दिया है कि नगर निगम के द्वारा ड्रेनेज चेंबर के लिए कितनी और कैसी आधुनिक मशीन ली गई है। इन कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए साधन भी उपलब्ध नहीं कराए गए थे। यही कारण है कि यह कर्मचारी हादसे का शिकार होकर अपनी जान गंवा बैठे। पूरे नगर निगम में लापरवाही का आलम बना हुआ है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में नगर निगम में कोई भी जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए तैयार नहीं है। चौकसे ने कहा कि इस घटना में मृत दोनों कर्मचारियों के परिवार को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाना चाहिए। भार्गव के महापौर बनने के बाद रामनवमी के उत्सव में 36 मौत हुई। हाल ही में भागीरथपुरा में भी 36 मौत हुई। सड़क के गड्ढे और ड्रेनेज के चेंबर में हुई मौतों का तो कोई हिसाब ही नहीं है। चेंबर में सफाई करते हुए अपनी जान गंवाने वाले कर्मचारियों की मौत को लेकर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भागीरथपुरा की घटना में भी अपराधिक प्रकरण की मांग कर रहे थे लेकिन अभी तक दर्ज नहीं किया गया है। अब इस घटना में भी हम यही मांग दोहरा रहे हैं।

**दोनों कर्मचारियों के परिजनों को 50-50 लाख दिए जाएं**

## पूर्व विधायक जिराती ने गाए गीत
### कलेक्टर ने निभाया दायित्व



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर प्रेस क्लब द्वारा संगीत संध्या फनकार का आयोजन किया। बडी संख्या में मीडियाकर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जीतू जिराती ने भी गीत गाया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने भी अपनी भूमिका निभाई। कई फिल्मी गायकों के गीतों की प्रस्तुतियां एक के बाद एक दी गई।

# मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का स्थल निरीक्षण महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, अधिकारी अभय राजनगांवकर, नरेश जायसवाल द्वारा किया गया। पौने 11 करोड रु. की लागत से यह सड़क 1.31 किलोमीटर लंबाई एवं 18 मीटर चौड़ाई की बनेगी। महापौर ने निर्माणाधीन मार्ग में बाधक बने अतिक्रमण एवं अन्य निर्माणों को जारी किए गए नोटिसों की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



## मांदल की थाप पर थिरके विजयवर्गीय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अलीराजपुर के भगोरिया पर्व में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शिरकत की। रंग में अलीराजपुर सरोबार था और सभी ने विजयवर्गीय का स्वागत किया। विजयवर्गीय ने भी ढोल-मांडल बजाए और ढोल-मांडल की थाप खुद विजयवर्गीय थिरके भी। इधर समाजजन पारपम्परिक वेशभूषा में नजर आए तो विजयवर्गीय को भी इसी सामाजिक रंग में रंगने की कोशिश की गई। भाजपा के कई नेता भी मौजूद रहे।

# कल मनाया जाएगा बड़ा पर्व होली

## रंग-गुलाल के साथ रहेगी मौज-मस्ती, गमी के परिवारों में भी डलेगा रंग, परिवार के साथ भी होगा आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





कल सुबह से रंग गुलाल और मौज मस्ती के साथ धुलेंडी का पर्व मनाया जाएगा। कोई यार-दोस्तों के साथ, तो कोई परिवार के साथ यह पर्व मनाएगा। जहां गमी हुई है वहां भी निकट के लोग पहुंचकर रंग गुलाल लगाएंगे। बाजारों में रंग गुलाल एवं अलग-अलग तरह की पिचकारी आई हुई है, कई सामाजिक ग्रुप और कई मल्टियों में आज एक जैसी वेशभूषा में होली जलाने से लेकर कल होली खेलने तक का आयोजन किया गया है। बाजारों में एक जैसी टी-शर्ट भी बिकने के लिए आई हुई है। पिचकारियां बहुत कम कीमत से लेकर बहुत महंगी तक है और सराफा में तो चांदी की पिचकारी भी भगवान के साथ मिल रही है। कुछ जगह प्लास्टिक की ड्रेस भी मिल रही है, जिससे कोई पानी फेंके तो अन्दर शरीर में पानी नहीं जाए, इस प्लास्टिक की ड्रेस का उपयोग रंगपंचमी पर ज्यादा होगा। वहीं सिर को पानी से बचाने के लिए टोपी भी लगाई जाती है, एक से एक टोपियां भी बाजार में आई हुई है वहीं आज सुबह से होली के लिए चश्मे और मुखौटे तक भी बिकने के लिए रोड पर है इन सब होली से संबंधित वस्तुओं को खरीदा जा रहा है। वहीं आज कई जगह फाग उत्सव आयोजित हो रहे हैं, जिसमें गुलाल और फूल की पंखुड़ियां भी जमकर उपयोग में लाई जाएगी। कई मल्टियों में आज फाग उत्सव है।

कुछ जगह आज भी जल रही है होली

ज्योतिष और पंडितों द्वारा ग्रहण में होलिका दहन कल सोमवार की रात को करवाया गया था, ग्रहण भी आज शाम 6.45 बजे पूर्ण होगा, तो कुछ लोगों ने आज भी होलिका के दहन का आयोजन रखा है। कुछ मल्टियों में तो कुछ रहवासी संघों ने भी ग्रहण के बाद होली जलाने का कार्यक्रम रखा है। कुछ लोगों का यही कहना था कि जिस दिन होली जले उसके दूसरे दिन ही धुलेंडी होना चाहिए, इसलिए हमने ग्रहण का सूतक और ग्रहण पूर्ण समाप्त होने के बाद होलिका का दहन रखा है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि ग्रहण समाप्त होने के बाद हम जगह की धुलाई करेंगे और उसके बाद होली का निर्माण कर उसी के बाद पूजा पाठ करवाएंगे और शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन करेंगे। कुल मिलाकर कल सुबह से होली खेली जाएगी, आज कई बाजारों और संस्थाओं के अलावा अन्य जगह पर भी रंग-गुलाल देखने को मिलेगा।

# रिसोर्ट, गार्डन में कल सैकड़ों पार्टियां

**निजी फार्म हाऊस पर भी होंगे आयोजन**

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल धुलेण्डी पर शहर में सैकड़ों जगह पार्टी का आयोजन होना है। इवेंट कम्पनियों द्वारा रिसोर्ट और मैरिज गार्डनों में पार्टी आयोजित की है। इसके अलावा निजी फार्म हाऊस में भी धमाल पार्टियां होगी। पार्टियों के लिए हजारों रुपयों तक का शुल्क भी लिया जा रहा है।

शहर में वैसे तो रंगपंचमी की धूम ज्यादा होती है, धुलेण्डी पर कम ही लोग रंगे हुए नजर आते है, ऐसे में बीते कुछ वर्षों से यह परम्परा बन गई है कि धुलेण्डी पर रिसोर्ट में पार्टियां होती है जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होते है। इन पार्टियों में डी.जे. ढोल के अलावा टमाटर, मिट्टी, फोम के पूल बनाए जा रहे है। इसके अलावा पेटपूजा और रैन डांस की व्यवस्था भी की जा रही है। चुनिंदा जगहों पर आज भी पार्टी है। इन पार्टियों के टिकिट आनलाइन बेचे जा रहे है। करीब 250 से लेकर 5 हजार रु. तक के टिकिट उपलब्ध है। कुछ जगह तो इससे भी ज्यादा राशि के टिकिट बेचे जा रहे है। इन पार्टियों पर पुलिस की भी नजर रहेंगी।

# गोवर्धननाथ में फूल डोल के दर्शन

**ग्रहण काल को देखते हुए इस बार हो रहे है केवल एक दर्शन**

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आज ग्रहण के कारण सुबह से सूतक काल शुरू हो गया है। शहर के लगभग सभी मंदिरों के पट बंद है, लेकिन शहर का एक मंदिर ऐसा है जो सूतक एवं ग्रहण काल में भी खुला रहता है। मान्यता है कि यहां भगवान की बाल प्रतिमा है इसलिए ग्रहण काल में दर्शन और मंदिर खुलने का दोष नहीं है। यशवंतगंज स्थित गोवर्धननाथ मंदिर में परम्परानुसार होलिका दहन के अगले दिन 4 प्रमुख दर्शन होते है, जिन्हें रंग के दर्शन कहा जाता है। आज ग्रहण काल को देखते हुए इस टिप्पणी में परिवर्तन किया गया है। आज केवल एक ही फूल डोल (रंग) के दर्शन हो रहे है। इस दर्शन के बाद मंदिर में साफ-सफाई होगी और फिर ग्रहण काल के दौरान दर्शन खुलेंगे। इस दौरान वैष्णवजन कीर्तन और नाम जप भी करेंगे। ग्रहण काल के बाद शुद्धिकरण भी होगा और फिर दर्शन होंगे।

# दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के चुनाव में नामांकन प्रक्रिया शुरू

## इधर दूसरा खेमा कर रहा है लगातार पदाधिकारियों की सूची घोषित, फिर से रहेगी दो सामाजिक संसद, निर्विरोध की कोशिश में 5 नाम की वापसी तय, छठे नाम के लिए मशक्कत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



दिगम्बर जैन समाज की सामाजिक संसद के चुनाव 15 मार्च को किए जाना है। इस चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। निर्वाचन से जुड़े वीरेन्द्र जैन ने बताया कि कुल 7 नामांकन पत्र इस चुनाव के लिए दाखिल किए गए हैं। अभी तक सुशील पंडया, दिलीप पाटनी, आनंद गोधा, आशीष जैन, योगेश जैन एवं बाहुबली जैन और प्रिंसपाल टोंग्या ने नामांकन दाखिल किए हैं। इन नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी और उसके बाद वैध प्रत्याशी की सूची भी जारी होगी। 5 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। 28 फरवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन भी हो चुका है, जिसमें अगर जरूरत पड़ी तो 132 जैन मंदिरों के 756 मतदाता अध्यक्ष पद के लिए मतदान करेंगे। संभावना जताई जा रही है कि चुनाव अध्यक्ष पद का निर्विरोध होगा और इसमें प्रबल संभावना के लिए सूत्र बता रहे हैं कि दिलीप पाटनी ही सामाजिक संस्था के अध्यक्ष होंगे और विधिवत मतदान का रास्ता खुल जाएगा। इधर वरिष्ठ समाजसेवी नवीन गोधा के भाई आनंद गोधा ने भी नामांकन दाखिल किया तो चुनाव की उम्मीद भी जगी हुई है। गोधा के नामांकन को वापस कराने की कोशिश की जा रही है और कहा जा रहा है कि गोधा दूसरे खेमे के इशारे पर चुनाव लड़ रहे हैं। निर्विरोध चुनाव की पूरी कोशिश की जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि कुल 7 नामांकन दाखिल हुए हैं, उनमें से 6 नामांकन एक ही खेमे के हैं और 5 नामांकन वापस हो जाएंगे यह भी तय है। केवल 1 नामांकन आनंद गोधा का दूसरे खेमे से जिसे वापस कराने की कोशिश की जा रही है। इधर दो पूर्व अध्यक्षों की सहमति से अध्यक्ष बने विनय बाकलीवाल की इकाई में पदाधिकारियों के बनाने का क्रम जारी है, जिससे लग रहा है कि दोनों ही सामाजिक संसद चलती रहेगी। इधर सूत्रों का कहना है कि आगामी महावीर जयंती को देखते हुए बने पदाधिकारी अपना प्रबुद्ध रखना चाहते हैं और इधर दूसरी समिति महावीर जयंती के पूर्व अध्यक्ष का निर्वाचन कर उनके पदाधिकारियों का चयन भी करेगी और दूसरी समिति जो विधिवत चुनाव से आ रही है वह अपना दावा वास्तविक समिति के रूप में सामाजिक संसद का करेगी। बकायदा 132 जैन मंदिरों के मतदाताओं की सूची भी जारी हुई है और कुछ जैन समाजजन आरोप लगा रहे हैं कि निर्वाचन से ही वास्तविक अध्यक्ष काबिज होगा। इधर चुनाव अधिकारी नरेन्द्रकुमार जैन ने बताया कि 30 दावे और आपत्तियां आई थी उनका निराकरण कर दिया गया है। इधर दूसरा खेमा कह रहा है कि हमने मंदिरों की आपत्ति लगाई है, जिसका निराकरण नहीं किया गया है।

# कांग्रेस की कार्यकारिणी अब जाकर हुई पूरी, दो बड़े नेताओं के नहीं आए थे नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर 51 पदाधिकारियों की सूची शहर कांग्रेस ने देरी से तैयार कर ली। दो बड़े नेताओं की फू-फा के चलते यह सूची निर्धारित समय से काफी देरी से तैयार हुई है, जबकि शहर कांग्रेस ने सूची निर्धारित समय से काफी पहले भेजने का दावा किया था। बताया जा रहा है कि दो बड़े नेताओं के नाम विधानसभा 5 और 3 से नहीं आने के कारण यह सूची अटकी हुई थी, जिसकी जानकारी भी प्रदेश कांग्रेस को शहर कांग्रेस ने दे रखी थी। आज इस मामले में जब शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि सभी वरिष्ठों ने नाम अपनी-अपनी विधानसभा के दे दिए हैं और सूची पूरी तरह तैयार है। जल्द ही सूची प्रदेश कांग्रेस को भेज दी जाएगी।

### कार्यकारिणी के साथ 4 ब्लॉक अध्यक्ष भी होंगे घोषित

शहर कांग्रेस ने 51 में से 50 पदाधिकारियों की सूची तैयार कर ली है और साथ में विधानसभा 3 के 3 और विधानसभा 5 के 1 ब्लॉक अध्यक्ष सहित 4 ब्लॉक अध्यक्षों की अंतिम सूची भी तैयार कर ली है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर इकाई के साथ बचे हुए 4 ब्लॉक अध्यक्ष भी घोषित होंगे। चौकसे ने कहा कि 85 मंडल अध्यक्षों के नाम भी तय करके रखे हुए हैं, साथ में वार्ड प्रभारी भी तय कर दिए हैं, बस उनकी स्वीकृति सूची भोपाल भेजकर ली जाना है। बचे हुए ब्लॉक अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्ष जल्द तय होंगे, लेकिन ब्लॉक और मंडलम की कार्यकारिणी बनाने में दो से तीन माह लग जाएंगे उसके बाद कांग्रेस बूथ स्तर पर पहुंचेगी।

# विधानसभा में गलत जानकारी भेजने पर निगम अधीक्षक निलंबित

## पहली बार नगर निगम में हुई बड़ी कार्रवाई, क्लर्क की सेवा समाप्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मध्य प्रदेश विधानसभा के सत्र में सवाल के जवाब में गलत जानकारी भेजने पर इंदौर नगर निगम अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही एक क्लर्क की सेवा समाप्त कर दी गई है। पहली बार नगर निगम में इस तरह की बड़ी कार्रवाई की गई है।**

मध्य प्रदेश विधानसभा में विधायकों के द्वारा पूछे गए प्रश्न को विधानसभा सचिवालय के द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया जाता है। नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा नगर निगम के संबंध में पूछे गए प्रश्न संबंधित नगर निगम में भेज कर उनसे जवाब लिया जाता है। इस जवाब को नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा विधानसभा सचिवालय को भेजा जाता है जहां से विधानसभा के सत्र के दौरान विधायक को उसके सवाल का जवाब दिया जाता है। इस बार हुए विधानसभा के सत्र में विधायक महेंद्र हडिया के द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब इंदौर नगर निगम से गलत चला गया। इसके परिणाम स्वरूप यह जवाब विधानसभा में भी प्रस्तुत हो गया और जवाब गलत होने के कारण वहां पर सरकार को अनुचित स्थिति का सामना करना पड़ा। विपक्ष को सरकार पर निशाना लगाने का एक मौका मिल गया। इस पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कड़ी कार्यवाही करते हुए स्थापना शाखा अंतर्गत कार्यरत हरीश श्रीवास्तव, प्र. कार्यालय अधीक्षक (मूलपद-लेखापाल) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही स्थापना शाखा में अंतर्गत कार्यरत अतुल बाजपेई, प्र. क्लर्क (विनियमित) कर्मचारी की सेवा समाप्त करते हुए कार्य से मुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह पहला मौका है जब विधानसभा में गलत जानकारी देने पर इंदौर नगर निगम में इस तरह से कार्रवाई की गई है। अधीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया है। ध्यान रहे की विधानसभा से आने वाले प्रश्नों के जवाब देने में नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा गंभीरता नहीं रखी जाती है। कई बार तो प्रश्न का जवाब देने से बचने के लिए यह जवाब भेज दिया जाता है कि प्रश्न में पूछी गई जानकारी एकत्र की जा रही है।

## महिला दिवस पर सिटी बस में फ्री यात्रा नहीं कर सकेंगी मातृशक्ति

**कल भी नहीं होगा सिटी बसों का संचालन**

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा महिला दिवस पर बीते वर्ष अनूठी पहल की गई थी जिसमें महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए सिटी बस का सफर फ्री किया गया था। इस वर्ष महिला दिवस पर रंगपंचमी होने के कारण सिटी बसों का संचालन नहीं होगा, इसलिए मातृशक्तियों की फ्री यात्रा को लेकर अब संशय बन गया।

सिटी बस संचालन करने वाली एआईसीटीएसएल ने 4 मार्च धुलेण्डी और 8 मार्च रंगपंचमी पर सिटी बसों का संचालन नहीं होने की घोषणा की है। 8 मार्च को महिला दिवस भी है। बीते वर्ष महापौर द्वारा महिला दिवस पर महिलाओं को खास तोहफे के रूप में फ्री सफर के रूप में दिया गया था। इस वर्ष 8 मार्च को रंगपंचमी होने के कारण सिटी बस का संचालन नहीं होगा। ऐसे में अब इस तोहफे को लेकर मातृशक्तियां उम्मीद कर रही है कि 7 मार्च या 9 मार्च को फ्री सफर की घोषणा की जाएगी। बीते वर्ष कामकाजी महिला, युवती और छात्राओं ने बड़ी संख्या में फ्री सफर का उपयोग किया था।



## दुबई विमानतल पर पहुंचे पूर्व विधायक शुक्ला

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व विधायक संजय शुक्ला सहित इंदौर के कई लोग दुबई पहुंचे थे, जिनमें शहर के क़ई गणमान्य भी है। संजय शुक्ला ने वहां के हालात पर वीडियो भी जारी किया था, जिस पर कई तरह की प्रतिक्रिया भी आई थी। संजय शुक्ला ने बताया कि वे देश में आने के लिए दुबई विमानतल पर पहुंच गए हैं और जल्द ही वे उड़ान भरने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि दुबई विमानतल अथॉरिटी ने 2 मार्च तक सभी फ्लाइट का संचालन बंद किया था, जिसके बाद आज सुबह से कुछ फ्लाइट्स दुबई से शुरू हुई है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक कल शाम को भी कुछ फ्लाइट दुबई एयरपोर्ट से संचालित हुई थी।

## कांग्रेसी जाएंगे कल भागीरथपुरा

### मृतक परिवार में पहुंचकर डालेंगे रंग, जताएंगे शोक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य कांग्रेसी कल धुलेंडी के दिन सुबह 10 बजे भागीरथपुरा पहुंचेंगे और वे दूषित जल से मृत हुए लोगों के परिवार में पहुंचकर रंग डालेंगे और घटना के बाद आए इस बड़े त्योहार पर शोक भी जताएंगे। इस मामले में चिंटू चौकसे से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि स्थानीय भागीरथपुरा के कांग्रेसी भी कल सुबह से मौजूद रहेंगे। सभी मृतक परिवारों के यहां पहुंचकर रंग डाला जाएगा।

## तेज आवाज में बजाया डीजे, केस दर्ज

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। तुकोगंज थाना इलाके के यशवंत क्लब गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे बजाने के मामले में मिली शिकायत के बाद पुलिस क्लब मैनेजर और इवेंट आयोजको के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक इवेंट आयोजक तेजवीर जुनेजा व यशवंत क्लब मैनेजर मजहर खान द्वारा डीजे के मामले कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन होना पाया गया। पुलिस ने डीजे सिस्टम जब्त कर लिया। उक्त दोनों आरोपियों के साथ इवेंट से जुड़े साउंड मैनजर स्वरांश पाठक निवासी स्कीम नंबर 140, चंचल वर्मा निवासी जीवन की फेल और हेमन्त बिजौरे निवासी नंदा नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## विदेश मंत्री को पत्र

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने हेतु विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र प्रेषित किया। पटेल ने पत्र में स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

## शहर में दूसरे फायर स्टेशन निर्माण की भी प्रक्रिया शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम के द्वारा शहर में दूसरे फायर स्टेशन के निर्माण के लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह फायर स्टेशन सयाजी होटल वाले रोड पर बनाया जाएगा।**

**सयाजी होटल वाले रोड पर बनाया जाएगा फायर स्टेशन**

शहर की सीमा के विस्तार को देखते हुए इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में विभिन्न क्षेत्रों में पांच नए फायर स्टेशन बनाने का फैसला लिया गया था। इस फैसले का क्रियान्वयन शुरू करते हुए निगम की ओर से सबसे पहले नेमावर रोड पर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास में पहले फायर स्टेशन के निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। यह काम अभी शुरू ही हुआ है और नगर निगम के द्वारा दूसरे फायर स्टेशन के निर्माण की भी प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है। निगम के जन कार्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सयाजी होटल वाले रोड पर आगे आने वाले पुल के पास की जमीन पर यह फायर स्टेशन बनाया जाएगा। नगर निगम को यह जमीन जिला प्रशासन के माध्यम से इंदौर विकास प्राधिकरण से प्राप्त हुई है। इस जमीन पर फायर स्टेशन का निर्माण करने में 3.5 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। इस कार्य को करने में 1 साल का वक्त लगेगा। निगम के द्वारा इस कार्य को अंजाम देने के लिए ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। निगम ने जो ठेकेदार इस काम को करने में रुचि रखते हैं उनसे 26 मार्च तक उनके वित्तीय ऑफर बुलवाए हैं। जो ऑफर प्राप्त होंगे उन्हें 30 मार्च को खोला जाएगा और फिर उसके बाद में काम से कम राशि में इस काम को अंजाम देने में रुचि रखने वाले व्यक्ति को कार्य संपादित करने की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी।

### तेजी से पहुंच सकेगी फायर की गाड़ियां

नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्र में पांच फायर स्टेशन का निर्माण इसी मकसद से किया जा रहा है कि चार में कहीं भी आग लगने की घटना होने पर फायर की गाड़ियां तेज गति से पहुंच सके। अभी लक्ष्मीबाई नगर अथवा गांधी हाल पर ही फायर की गाड़ियां खड़ी रहती है। ऐसे में कहीं पर आग लगती है तो वहां तक इन गाड़ियों को पहुंचने में वक्त लग जाता है। इस वक्त आग की घटना गंभीर होकर नुकसान ज्यादा हो जाता है।

# लालबाग पैलेस के कैंपस में लगेगी 2.75 करोड़ की लाइट

## पर्यटन विकास निगम इंदौर में करेगा 6.80 करोड़ के काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**लालबाग पैलेस कैंपस में 2.5 करोड रुपए की लागत से लाइट लगाई जाएगी। इस लाइट से यह परिसर जगमगा उठेगा। अभी इस परिसर में अंधेरे का साम्राज्य रहता है।**

मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा इंदौर में विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग कार्य करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस मंजूरी के अनुसार निगम द्वारा इंदौर में 6.80 करोड रुपए के काम कराए जाएंगे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कार्य लालबाग पैलेस परिसर को उजाले से रोशन करने का है। इस पूरे परिसर का विद्युतीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर कैंपस इल्यूमिनेशन का काम भी किया जाएगा। इस पूरे कार्य पर 2.5 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इसके अतिरिक्त निगम के द्वारा इंदौर में लता मंगेशकर म्यूजिक कॉलेज में बाहरी विद्युतीकरण करना, एयर कंडीशनिंग और कैंपस इल्यूमिनेशन तथा लाइटिंग के कार्य को किया जाएगा। इस कार्य पर 3 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। इसके अलावा इंदौर में स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में 45 लाख रुपए का सोलर पैनल स्थापित किया जाएगा। यहां पर 20 लाख रुपए से परिसर के विद्युतीकरण का कार्य भी किया जाएगा। यह पहला मौका है जब मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा इंदौर में इतनी बड़ी संख्या में कामकाज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# नगर निगम के रोबोटिक प्रयोग नहीं आए काम, चली गई जान

## चेंबर सफाई को लेकर 8 बार नम्बर वन का ताज जीत के बाद भी अव्यवस्था

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम द्वारा आधुनिक रोबोट मशीनों से चेंबर की सफाई के दावे किए जाते रहे। हर साल जेट प्रेशर मशीन खरीदी जा रही है, इसके बावजूद दो लोगों की मौत होना व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान खड़ा करते हैं। हालांकि नगर निगम का स्पष्ट रूप से कहना है कि जो घटना हुई है वह चैंबर सफाई के कारण नहीं हुई लेकिन सवाल यह है कि आखिरकार कर्मचारी को चेंबर में क्यों उतारना पड़ा, क्या उन्हें पर्याप्त ट्रेनिंग नहीं दी गई थी? क्योंकि बताया जा रहा है कि चेंबर में प्रेशर मशीन का पाइप गिर गया था जिसको निकालने के लिए एक के बाद एक दोनों कर्मचारी चेंबर में उतरे।

नगर निगम के रिटायर इंजीनियर ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि ड्रेनेज विभाग लगातार अपनी व्यवस्थाओं में बदलाव कर रहा है। चेंबर सफाई के आधुनिक संसाधन जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके लिए नगर निगम ने एक नीति भी बनाई है। ड्रेनेज सफाई कर्मचारी जो कई सालों से यह काम करते आए हैं जिन्हें इस काम का अच्छा खासा अनुभव भी है उनके लिए आधुनिक वाहन खरीदने की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है यह वाहन कर्मचारी खरीद रहे हैं जो कर्मचारी कई सालों से ड्रेनेज विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं खासकर सफाई कर्मचारी के लिए नगर निगम अपनी फाइनेंस स्कीम भी चलाता है जिसके माध्यम से इन कर्मचारियों का जीवन स्तर ऊंचा उठ सके। इसीलिए मशीन को ऑपरेट करने एवं कर्मचारियों को सही ट्रेनिंग देने के लिए जिम्मेदारी मशीन संचालक की थी।। नगर निगम के कर्मचारी ही मशीन खरीद कर ड्रेनेज विभाग में अटैक करते हैं और नगर निगम इन्हें अनुबंध के आधार पर ड्रेनेज सफाई का कार्य करवाता है।

इसके अलावा सवाल पूरे ड्रेनेज विभाग पर भी खड़ा होता है जिन अधिकारी और कर्मचारियों की तैनाती चैंबर सफाई के दौरान रहनी चाहिए वह उस दौरान क्यों नहीं थी। नगर निगम में कर्मचारी को चैंबर सफाई के दौरान कब क्या करना है इसकी पर्याप्त रूप से ट्रेनिंग क्यों नहीं दी गई है, अपर आयुक्त से लेकर दरोगा की भूमिका चेंबर सफाई के दौरान क्या होनी चाहिए यह नगर निगम ने तय की है या नहीं? आधुनिक तौर तरीकों से चैंबरों की सफाई करने की मार्किंग स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान भी होती है किस शहर के पास कितने आधुनिक संसाधन है इसके आधार पर नंबरिंग भी नगर निगम को हर साल दी जा रही है लेकिन अब इसकी उपयोगिता पर भी काम होना चाहिए। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जो आधुनिक रोबोटिक मशीन है कंपनियां अपने प्रेजेंटेशन में दिख रही है क्या फील्ड में उसके अनुसार काम हो रहा है या नहीं। यह मशीन कितनी सक्षम है इसकी भी परीक्षा होनी चाहिए। मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा जांच के निर्देश दिए गए हैं जिसमें यह तय होगा कि किसकी लापरवाही से यह घटना हुई है और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं हो इसके लिए क्या कदम उठाए जाएं।








# चंद्र ग्रहण का सूतक लगते ही मंदिरों के पट हुए बंद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज दोपहर 3.20 बजे चन्द्र ग्रहण शुरू होगा और शाम करीब 6.45 बजे यह चन्द्र ग्रहण समाप्त होगा। सही मायने में चन्द्र ग्रहण शाम को 15 से 20 मिनट तक ही भारत में दिखाई दे रहा है, लेकिन अन्य देशों में भी चन्द्र ग्रहण है, जिसका असर और सूतक भारत में भी दिख रहा है। ज्योतिषियों और पंडितों के मुताबिक इस चन्द्र ग्रहण में भगवान के मंदिरों के और घरों में भी जो मंदिर है उनके पट बंद किए जाना चाहिए। आज सुबह से ज्यादातर मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। भगवान पर पर्दा लगा दिया गया, जिससे ग्रहण के सूतक और ग्रहण का असर नहीं हो। आज कई धार्मिक स्थलों, घरों पर पट बंद होने के बावजूद भगवान की आराधना और धर्म ग्रंथ के पाठ भी किए जाएंगे। मानने वाले लोग शाम को चन्द्र ग्रहण पूर्ण होने के बाद स्नान कर फिर भगवान का पूजन पाठ करेंगे। आज सुबह से सारे बड़े मंदिरों के पट बंद होने के साथ वहां सूचनाएं भी लगाई गई। चन्द्र ग्रहण पूर्ण होने के बाद मंदिरों में धुलाई और भगवान के स्नान के बाद पट भी खोले जाएंगे, पूजन और संध्या आरती भी होगी और दर्शन भी श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे।



# यशवंत सागर से शुद्ध पानी देने के लिए 25 लाख खर्च करेगा निगम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**इंदौर नगर निगम के द्वारा यशवंत सागर तालाब से शुद्ध पानी देने के लिए 25 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस राशि से विभिन्न सामग्री क्रय की जाएगी।**

नगर निगम के जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यशवंत सागर से इंदौर शहर के पश्चिमी क्षेत्र में जलप्रदाय किया जाता है। इस तालाब से दिया जाने वाला पानी लोगों के द्वारा अपने घर के काम के उपयोग के साथ पीने के उपयोग में भी लिया जाता है। ऐसे में इस पानी की शुद्धता को सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है। इसके लिए निगम के द्वारा विभिन्न कार्य करने का फैसला लिया गया है। निगम के द्वारा यशवंत सागर जलप्रदाय व्यवस्था के अंतर्गत देव धरम वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर परीक्षण के लिए मल्टी पैरामीटर एनालाइजर लगाया जाएगा। इसके साथ ही वहां पर पानी को शुद्ध करने के लिए क्लोरीन भी डाला जाएगा। इसके अतिरिक्त केमिकल पाली अल्युमिनियम क्लोराइड भी लगाया जाएगा। इस पूरे कार्य पर 25 लाख रुपए की राशि खर्च होगी।

30 एमएलडी पानी का करते हैं उपयोग- इस यशवंत सागर तालाब से हर दिन 30 एमएलडी पानी लिया जाता है। यह पानी शहर के पश्चिमी क्षेत्र में लोगों को अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए सप्लाई किया जाता है। पश्चिम क्षेत्र के लिए नागरिकों की आवश्यकता की पूर्ति का एकमात्र पानी का स्रोत यह तालाब ही है। इस तालाब के जल को शुद्ध रखना निगम के लिए हमेशा चुनौती रहा है।

गंदा पानी मिलता है- इस तालाब में गंभीर नदी का पानी आकर मिलता है। इस पानी में समीप के उद्योगों का केमिकल वेस्ट भी मिला हुआ रहता है। इसके साथ ही आसपास के गांव का ड्रेनेज का पानी भी नदी में जाता है। ऐसे में यह सारा दूषित पानी यशवंत सागर तालाब में चले जाता है। इस स्थिति के कारण यह तालाब दूषित हो रहा है। क्षेत्र के विधायक मधु वर्मा ने तालाब के जल के शुद्धिकरण और उसमें मिलने वाले गंदे जल को रोकने के लिए आवाज भी उठाई थी।

अभी कोई बड़ी योजना नहीं- नगर निगम के द्वारा जवाहरलाल नेहरू शहरी नवीनीकरण योजना के तहत इस तालाब का गहरीकरण करने का कार्य किया गया था। इस तालाब के जल को शुद्ध और साफ रखने के लिए स्थाई रूप से अभी तक कोई बड़ी योजना तैयार नहीं की गई है। जब योजना ही नहीं बनी तो फिर क्रियान्वयन का भी प्रश्न ही नहीं होता है।



## वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. वैष्ण ब्राह्मण सेवा संघ मुंबई के पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक में महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और म.प्र. के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। बड़ा कोष धन संग्रह कर बनाने की सहमति बनी, जिसमें 47 लाख रु. सहयोग की घोषणा हुई। राष्ट्रीय अधिवेशन सितम्बर में अयोध्या में होगा, जिसमें 21 हजार समाजजन मौजूद रहेंगे यह भी निर्णय किया गया।



## पहला रोजा रखने वालों का हुआ रोजा इफ्तार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रमजान माह चल रहा है और इसमें रोजा रखने का एक अपना महत्व है। अदीबा फातिमा उम्र 6 साल सैयदा फातिमा उम्र 8 साल निवासी जूना रिसाला ने पहली बार पहला रोजा रखा और इस दौरान दुआएं भी की गई। मोहम्मद वसीम नूरी ने बताया कि रोजा इफ्तार का आयोजन भी हुआ और पहला रोजा रखने वाली दोनों बच्चियों का इस्तकबाल भी किया गया।

## जीवन प्रवाह की मनुहार पाती का विमोचन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



संस्था जीवन प्रवाह के प्रकाश सोनी ने बताया कि बहुरंगी मनुहार पाती का विमोचन बद्री नारायण मंदिर नरसिंह बाजार पर किया गया। हरे वृक्षों को नहीं काटने, कंडों से होलिका का दहन करने, गोकाष्ठ सहित अन्य सामाजिक विषय का समावेश किया गया। अब इस मनुहार पाती का वितरण किया जा रहा है। प्रकाश सोनी, राजेन्द्र स्वर्णकार सहित अन्य मौजूद थे।

## राजा रामचंद्र शाखा छत्रसाल नगर का वार्षिकोत्सव



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राजा रामचंद्र शाखा, छत्रसाल नगर का वार्षिकोत्सव उत्सव पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक एवं एकल गीत, अमृत वचन और पंचांग वाचन सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सिद्ध चक्र महामंडल विधान जारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



नेमीनगर जैन कालोनी में आर्यिका यशस्विनी माताजी एवं आर्यिका श्री माताजी ससंघ के सानिध्य में सिद्ध चक्र महामंडल विधान चल रहा है। कल 512 अर्घ समर्पित किए गए। प्रवीण पाटनी एवं राजेश बज ने बताया कि विधान में सौधर्म इंद्र के रूप में श्री गिरीश निर्मला पाटोदी कुबेर, प्रवीण सुनीता पाटनी, यज्ञ नायक राजेश ममता बज, ईशान इंद्र अनिल रूपाली जैन , सनत कुमार इंद्र नरेंद्र उषा काला महेंद्र प्रवीण सोनल पहाड़िया,एवं मैना सुंदरी कुसुम सनत गंगवाल ने अपनी भूमिका निभाई। प्रकाश छाबडा ने विधान कराए। स्वर किरण बड़जात्या, सपना जैन ने दिए।

## जश्न-ए-इमाम हसन कल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के अध्यक्ष मास्टर सलीम लाइक ने बताया कि कल 4 मार्च रात 12 बजे से तकरीबन 2 बजे तक छोटी मस्जिद सरकार छीतर मियां कड़ाव घाट पर हाफिज अनवार रेहानी की सदारत में जश्न-ए-इमाम हसन मनाया जाएगा, जिसमे हजरत मौलाना मोहम्मद शकील एहसानी तकरीर फरमाएंगे।



## जनगणना स्मारिका 'परवार दर्पण' का विमोचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री दिगंबर जैन परवार समाज द्वारा परवार समाज के परिवारों की जनगणना की गई। स्मारिका 'परवार दर्पण' का प्रकाशन भी किया गया। उक्त जानकारी डी.के. जैन ने दी।

## 5 विभूतियां होगी अलंकरण से सम्मानित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट, अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन एवं नेताजी सुभाष मंच के मदन परमालिया ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरेन्द्र सिंह तोमर उर्फ नत्थुसिंह का सार्वजनिक अभिनंदन और 5 विभूतियों ईश्वर झामनानी, प्रभाकर चौखंडे, निर्मला शर्मा, गणेश वर्मा, गोपीकृष्ण पाण्डे को तोमर अलंकरण से सम्मानित 5 मार्च को रीगल तिराहा के समीप काफी हाउस में किया जाएगा।





## नाथ मंदिर पर महोत्सव में ज्ञानदा पंडित की टीम ने दी प्रस्तुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान में कल सुबह काकडा आरती, सामूहिक ग्रन्थपाठ एवं योगाभ्यानंद माधवनाथ महाराज के रुद्राभिषेक के साथ पुण्यतिथि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। शाम को महाराष्ट्र की कीर्तनकार ज्ञानदा बुरसे पंडित और उनकी टीम ने गणेश स्तवन के साथ ही गणेशजी के विभिन्न नामों की सुंदर व्याख्या कर अपने मनोहारी संकीर्तनों से पहले दिन ही भक्तों को पूरे समय आल्हादित बनाए रखा। अभी रोजाना शाम 6 बजे से ज्ञानदा पंडित के मनोहारी संकीर्तन होंगे।

## सखियों ने किया लठमार होली का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



श्रीजी नारी शक्ति एवं शिक्षा विकास समिति द्वारा फाग उत्सव का आयोजन बांगड़दा क्षेत्र गार्डन में किया गया। खाटूश्याम बाबा का दरबार भी सजाया। वृंदावन की लठमार होली का आयोजन सखियों द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने फाग उत्सव में गीत भी गाए, तम्बोला भी खेला अन्य प्रतियोगिता में शिरकत कर पुरस्कार भी जीते।



## सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मैकेनिकल खंड इन्दौर में पदस्थ कार्यपालन यंत्री चेतन्य रघुवंशी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह रखा गया। इस अवसर पर सहायक यंत्री अनिल कुमार नायक, दीपक शर्मा, चन्द्रशेखर मालवीय, रामप्रसाद दुबे उपस्थित थे।

## पुलिस का केमिकल युक्त रंग को लेकर अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में कई थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अपने क्षेत्र की रंग गुलाल की दुकानों की आकस्मिक चैकिंग की। रंगों की गुणवत्ता के बारे में पूछताछ की और रंग बेचने वालों को सख्त हिदायत दी कि वे हानिकारक केमिकल युक्त होली के रंग और गुलाल नहीं बेचे। यह भी कहा कि वे हर्बल और प्राकृतिक रंग की बिक्री करें। खासतौर से कांच के पावडर और जहरीले रंग के उपयोग वाले कलर और गुलाल नहीं बेचे। कई पुलिस थाना क्षेत्रों में लाउड स्पीकर के माध्यम से भी लोगों का जगरूक किया गया कि वे दूषित रंगों से बचे, खासतौर से अपनी आंखों की सुरक्षा करें। आम लोगों से यह भी अपील की गई कि सड़क पर चलने वाले लोगों पर जबरन रंग ना डाला जाए। रोड पर हुड़दंग ना किया जाए और बेवजह लोगों को परेशान भी ना किया जाए, अगर ऐसा होता है तो पुलिस हुड़दंग करने वालों, परेशान करने वालों और जबरन रंग डालने वालों पर कार्रवाई करेगी।



## जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा होगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** डॉ. अंबेडकर नगर महू में 'बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा' का आयोजन 2 से 13 अप्रैल को किया जाएगा। मैच रोजाना शाम 6 से रात 10 बजे तक खेले जाएंगे। इसके लिए आयोजकों ने आम्बेडकर नगरी महू के हाई स्कूल स्टेडियम की स्वीकृति भी मांगी है।

# माहेश्वरी कुटुम्ब का फाग महोत्सव

## वृन्दावन के 24 कलाकारों ने 4 घंटे तक दी प्रस्तुति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब संस्था के शारदा-प्रकाश अजमेरा ने बताया कि गीत, संगीत, नृत्य और हास्य का आयोजन माहेश्वरी समाजजनों के लिए किया गया। वृन्दावन के 24 कलाकारों ने 4 घंटे तक प्रस्तुतियां दी। फूलों की वर्षा तोप से की गई। राधा-रमण टोली के कलाकारों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। मिसाइलों से 100 फीट दूरी तक मार करने वाली सुगन्धित फूलों की वर्षा और उसके पूर्व गुलाबी साफे बांधकर मेहमानों का आत्मीय स्वागत किया। कई राजनेता के अलावा बडी संख्या में माहेश्वरी समाजजन मौजूद रहे।



## न्याय नगर महादेव प्रांगण में आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** न्यायनगर सुखलिया उद्यान स्थित महादेव मंदिर प्रांगण में होलिकात्सव पर सज्जित होलिका का पूजन किया गया और फिर दहन भी हुआ। एक-दूसरे पर प्राकृतिक रंग लगाकर पर्व पर बधाई भी दी गई। उक्त जानकारी हेमंत जोशी ने दी।



## अग्रबंधुओं का मिलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति ने कंडों से होलिका का दहन एवं मिलन का आयोजन अग्रसेन चौराहे पर किया। टीकमचंद गर्ग, राजेश बंसल, गणेश गोयल, अरविन्द बागडी, रजत गर्ग, संजय तोड़ीवाला, प्रमोद बिंदल, शीतल तोड़ीवाला, जगदीश गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

## जांगड़ा पोरवाल समाज का तीन दिवसीय महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा, इंदौर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कल शाम होलिका का दहन समाजजनों की मौजूदगी में किया गया। वहीं अब कल धुलेण्डी के दिन सम्मान समारोह और फूल पाती,सामान्य सभा, प्रतिभा सम्मान, समाज मिलन समारोह एवं स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। बडी संख्या में समाजजन नरसिंह मंदिर छत्रीबाग में मौजूद रहेंगे।



## ट्रेड फेयर लगेगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन 6 से 16 मार्च तक लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर, इंदौर में किया जाएगा। देशभर से लोग शिरकत करेंगे। इस फेयर में सामान बिक्री के लिए कई स्टाल भी लगाए जाएंगे।



## 200 अग्रबंधुओं ने की महेश्वर यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विजय नगर अग्रवाल महासंघ के 200 समाजबंधुओं को 4 बसों और कारों के माध्यम से महेश्वर यात्रा के लिए राजेश बंसल, हरि अग्रवाल, अरविन्द बागडी, किशोर गोयल, संजय बांकडा सहित अन्य ने रवाना किया।



## फतेहपुरिया समाज का म्यूजिकल तम्बोला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** फतेहपुरिया समाज भवन पर फाग एवं म्यूजिकल तम्बोला का आयोजन समाजजनों की मौजूदगी में किया गया। प्रतियोगी गैम भी खिलाए गए, विजेताओं का सम्मान भी किया गया।

## छत्रियों पर पहुंचकर पुष्पांजलि

**इन्दौर।** इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में राव राजा राव नन्दलाल मंडलोई एवं अन्य शासकों की छत्रियों का पूजन किया गया। समिति के पदाधिकारी और सदस्य सहित अन्य मौजूद रहे। छत्री पूजा के बाद चिंताहरण गणेश मंदिर में पूजा की गई। आतिशबाजी भी हुई।

## महावीर जयंती पर निकलेगा जुलूस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री 1008 भगवान पार्श्वनाथ सकल दिगंबर जैन समाज पाटनीपुरा मंदिर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 30 मार्च को मनाया जाएगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी, भक्तामर पाठ, 1008 दीपों से आरती, मातृशक्तियों द्वारा भजन प्रस्तुति, बच्चों द्वारा नाटक की प्रस्तुति होगी। क्षेत्र के जैन समाज के घरों और दुकानों पर ध्वज लगाए जाएंगे। पाटनीपुरा मंदिर से जुलूस भी निकाला जाएगा। भगवान महावीर स्वामी को चांदी की पालकी पर विराजित कर जुलूस भी निकाला जाएगा। राजस्थानी मंडली कीर्तन पर नृत्य करते चलेगी, पंजाबी ढोल भी रहेगा। पूरे लवाजमे के साथ यह जुलूस निकाला जाएगा।

## बच्चों ने लगाया एक-दूसरे को रंग-गुलाल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



भगवती कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हातोद में नन्हें-मुन्नो ने होली के एक दिन पहले स्कूल में एक-दूसरे के साथ रंग-गुलाल खेला और मौज मस्ती की, एक-दूसरे को रंग लगाया और छोटे बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में स्कूल आए, तो इन बच्चों ने सबका मन मोह लिया। बच्चों को केमिकल से बने रंगों के बारे में समझाया और उसके नुकसान के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्या, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर, प्रीति कापसे, आकांक्षा कुमावत, सीमा करडे, संगीता चौहान, चित्राली गोयल, श्रद्धा वर्मा, मंजू बेस, प्रतिभा मूले, अंजना शर्मा, वर्षा जारवाल, अंजली जारवाल, अंकिता जैन, दीपा जोनवाल, कुंदन चौहान, निलेश चौहान, विकास केसवाल, शुभम चौहान, मथुरा प्रसाद मैना मौजूद थे।

## हाईवे क्षेत्र अग्रवाल समाजजनों ने किया गोपूजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में कल शाम वरुण विक्ट्री रहवासी संघ की मेजबानी में वरुण विक्ट्री परिसर में 10 क्विंटल गोकाष्ठ एवं गाय के गोबर के कंडों से श्रृंगारित होलिका का दहन किया गया। मातृशक्तियों सहित अग्रवाल समाजजनों ने गोमाता का पूजन किया। अरविन्द बागडी, मनीष अग्रवाल मन्नू और वैश्य संगठन के पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।



## जैन समाजजनों ने भी मनाया फाग महोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

दिगंबर जैन जैसवाल सोशल मंच द्वारा बिजासन रोड गार्डन पर फाग महोत्सव का आयोजन किया। बच्चों ने मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुति दी। भजन गायकों ने अपनी भूमिका निभाई तो उनका स्वागत भी हुआ।

# अग्रसेन महासभा का फाग आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रसेन महासभा ने निपानिया रिसोर्ट में फाग महोत्सव का आयोजन किया। भजन गायक ने एक के बाद एक कई गीतों की प्रस्तुति दी। कैलाश नारायण बंसल, राजेश मित्तल चौधरी, एसएन गोयल, प्रमोद बिंदल, ओम अग्रवाल ने बताया कि भगोरिया की भी प्रस्तुति दी गई। मिलन और फाग के साथ होली उत्सव का आयोजन किया गया। किसी को महामंडलेश्वर तो किसी को अघोरी बाबा, तो किसी को होली के रसिया, तो किसी को भीष्म पितामाह, तो किसी को कृष्ण कन्हैया बनाया गया। अतिथियों का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर मोहनलाल बंसल, गोपालदास गुप्ता, संजय पाटनी, सुनील गुप्ता, अजय अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, राजेश जिंदल, अनूप सिंघल सहित अन्य संस्था के सदस्य परिवार के साथ मौजूद रहे।



### मधुमिलन से अग्रसेन प्रतिमा तक 80 फीट सड़क से पहले

# छावनी क्षेत्र में मिलेगी 30 फीट चौड़ी सड़क की सौगात

*ब्राइड स्कूल के सामने से लेकर अंपायर हाउस तक सड़क निर्माण के लिए शुरू हो गई खुदाई*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मधुमिलन चौराहे से अग्रसेन प्रतिमा तक लगभग 70 से 80 फीट चौड़ी बनने वाली बहुचर्चित फीडर रोड सड़क से पहले छावनी में ब्राइड स्कूल के सामने से लेकर श्रद्धानंद मार्ग तक लगभग 30 फीट चौड़ी सड़क की सौगात आने वाले दिनों में छावनी क्षेत्र के लोगों को मिलने वाली है। जिसको लेकर निगम ने वर्तमान में शासकीय स्कूल नंबर 1 के कॉर्नर से लेकर ऊषागंज चौराहे तक बड़े हिस्से में खुदाई कर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर तेजी के साथ निर्माण कार्य शुरू भी कर दिया है। जबकि एमवाय टेंपो स्टैंड से आगे बीजेपी कार्यालय के सामने से लेकर जावरा कंपाउंड चौराहे तक के बड़े हिस्से में निगम ने खुदाई कर सड़क निर्माण का कार्य पहले ही शुरू कर दिया था। वहीं अब स्कूल के सामने वाली मुख्य सड़क के आधे हिस्से में भी खुदाई कर नई सीमेंटेड सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम निगम ने शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि इससे पहले उषागंज चौराहे से फैमिली कोर्ट और जावरा कंपाउंड तक के हिस्से में निगम ने सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य पिछले साल ही पूरा कर लिया था। वही अभी इस बचे हिस्से में भी बारिश से पहले नई लंबी चौड़ी करीब 25 से 30 फीट के आसपास सड़क निर्माण और चौड़ी करण का कार्य पहले से और ज्यादा तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जिसके बाद आने वाले दिनों में विधानसभा तीन के छावनी क्षेत्र के प्रमुख बाजार और मुख्य क्षेत्र में बेहद जल्द चारों तरफ नई चमचमाती सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछा दिखेगा।

## स्कीम 140 रोड पर जोडेक्स चौराहे पर लगा पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल बना मजाक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पिपलियाहाना चौराहे से आगे स्कीम 140 रोड पर जोडेक्स चौराहे पर पिछले साल यातायात विभाग द्वारा लगाया गया पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल मजाक बन कर रह गया है। हालत यह है कि अक्सर यह नया पोर्टेबल सिग्नल बंद ही रहता है। यही नहीं दिन भर में कई बार चारों तरफ रेड सिग्नल दिखाई देता है। जिसके कारण इस चौराहे से गुजरने वाले ज्यादातर लोग कंफ्यूजन में कई मिनट तक चौराहे पर फालतू खड़े रहते है। जबकि कुछ लोग रेड सिग्नल के बावजूद चौराहे से फर्राटेदार गाड़ी निकाल लेते हैं।

**नहीं रहता है इस चौराहे पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए कोई जवान**

यही नहीं इतने बड़े चौराहे पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए एक भी पुलिस जवान तक मौजूद नहीं रहता है। जबकि आए दिन बायपास के ज्यादातर गार्डन में शादियां होने पर यहां अक्सर शाम को लंबा जाम लगा रहता है। उसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस के जवान इस नए चौराहे



पर खड़े नहीं रहते। यही नहीं आसपास के लोगों का कहना है कि सिग्नल में खराबी के कारण ऐसे हालात बन रहे है फिर भी निगम और यातायात विभाग के ज़िम्मेदार अफसर इस मामले में लंबे समय से ध्यान नहीं दे रहें है।

**छह माह पहले लगा ट्रैफिक सिग्नल, अभी तक नहीं लगाया एक भी कैमरा** – वहीं बड़ी बात यह है कि निगम और यातायात विभाग द्वारा क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग और भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए यहां पिछले साल करीब छह माह पहले पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल तो लगा दिया।

लेकिन स्कीम 140 रोड़ के इस अग्रवाल पब्लिक स्कूल से पहले बने नए जोडिक्स चौराहे पर वाहन चालकों को नियम तोड़ने से रोकने के लिए एक भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है। जिसके कारण ज्यादातर लोग इस चौराहे पर रेड सिग्नल के बावजूद रुकना पसंद ही नहीं करते है। यही नहीं इधर पिछले कुछ दिनों से सिग्नल की गड़बड़ी से यहां का ट्रैफिक जिम्मेदारों की अनदेखी से और ज्यादा बिगड़ा हुआ है।

## एमवाय से राजबाड़ा तक दर्जनभर से ज्यादा बस स्टॉप की सौगात मिलेगी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट ) ।आने** वाले दिनों में गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले गुड़ी पड़वा तक शहर के एमवाय हॉस्पिटल से लेकर राजवाड़ा तक दर्जनभर से ज्यादा नए आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप की सुविधा ओर सौगात यात्रियों को मिलने वाली है। इसको लेकर इन दिनों इन क्षेत्र में मैनरोड़ पर मुख्य सड़क के दोनों ओर एआईसीटीएसएल द्वारा नवीन बस स्टॉप निर्माण का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। यही नहीं इसके अलावा पूर्वी रिंग रोड पर खजराना से लेकर देवासनाका तक बड़े हिस्से में 10 से ज्यादा नए आधुनिक बस स्टॉप का निर्माण कार्य पिछले कई दिनों से तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जिसकी सौगात आने वाले दिनों में हिंदू नववर्ष के गुड़ी पड़वा तक शहर के लोगों को मिलने वाली है। जिससे इन क्षेत्रों से बसों में सफर करने वाले हजारों यात्रियों को गर्मी में नए बस स्टॉप की सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिलेगी।

**मोबाइल चार्जिंग सुविधा से लेकर बसों के रूट मैप की भी मिलेगी जानकारी**

वहीं बड़ी बात यह है कि इन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस आधुनिक बस स्टॉप में यात्रियों को मोबाईल चार्जिंग की सुविधा के साथ ही इमरजेंसी नंबर और बसों के रूट मैप की जानकारी भी मिलेगी। साथ ही यहां से गुजरने वाली सभी बसों के आने - जाने की पूरी जानकारी टाइम टेबल के साथ डिजिटल डिसप्ले बोर्ड पर दिखेंगी। इसके अलावा इन बस स्टॉप की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी होगी। यही नहीं इन नए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवीन बस स्टॉप पर खासकर रात में भी महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे है।

# एमजी रोड पर करोड़ों रुपए की लागत से तैयार बहुमंजिला इमारत में कब मिलेगी कला संकुल की सौगात

**5 साल से चल रहा है काम,फिर भी नहीं हुआ अभी तक पूरा**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। स्मार्ट सिटी योजना में एमजी रोड पर सालों पुराने मराठी स्कूल और भाऊ शिंदे खेल परिसर की जगह पर निगम की शहर के कला प्रेमियों के लिए 40 करोड रुपए से ज्यादा की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं वाले कला संकुल की सौगात देने की तैयारी थी। जिसका काम निगम द्वारा पिछले 5 साल से किया जा रहा है। हालांकि बिल्डिंग निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन उसके बाद भी हालत यह है कि अभी तक बिल्डिंग तैयार होने के बावजूद शहर के लोगों को इसकी सौगात के लिए लंबे समय से इंतजार करना पड़ रहा है। हालत यह है कि लंबे समय से काम चलने के बावजूद अभी भी यहां कई छोटे-मोटे काम बाकी है। जिसके कारण निगम के जिम्मेदार यह बताने को तैयार नहीं कि आखिर इस कला संकुल की सौगात कब मिलेगी।

**कला प्रेमियों के लिए 600 सीटर ऑडिटोरियम,300 सीटर थिएटर की एक स्थान पर सौगात**

गौरतलब है कि स्मार्ट सिटी योजना में निगम द्वारा साल 2019 में शहर वासियों को सांस्कृतिक केंद्र के रूप में 600 सीटर ऑडिटोरियम और 300 सीटर अत्याधुनिक सुविधाओं वाले थिएटर जैसी आधुनिक सुविधाएं देने की प्लानिंग की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य शहर की कला संस्कृति को



बढ़ावा देना था। यही नहीं शहर के कला प्रेमियों के लिए निगम ने यहां की 30000 वर्ग फीट से ज्यादा जमीन पर संकुल में दो भव्य ऑडिटोरियम बनाए गए है। जिसमें लगभग 400 से 600 लोगों की बैठक व्यवस्था रखी गई है। इसके अलावा ओपन एयर थिएटर भी बनाया है जिसकी क्षमता 200 से ज्यादा लोगों की है। इसके अलावा डांस प्रेक्टिस के लिए डांस फ्लोर और प्लेटफार्म की साज - सज्जा भी की जा रही है। कला संकुल में आर्ट गैलरी के रूप में बड़े हाल भी बनाए है, जिनकी वर्तमान में साज - सजावट का काम किया जा रहा है। यही नहीं नीचे टू व्हीलर और फॉर व्हीलर गाडियां खड़ी करने के लिए बड़ा पार्किंग स्पेस भी रखा गया है। इसके अलावा भी अन्य जरूरी सुविधाएं भी जुटाई जा रही है। यही नहीं परिसर में पेवर ब्लॉक भी लगाए जा रहें है। साथ ही भीतर का इंटीरियर कार्य भी पूरा करवाया जा रहा है। इसके अलावा भी दूसरे कई सजाने-संवारने के बचे कार्य भी तेजी के साथ पूरे करवाए जा रहें है। लेकिन इसके बावजूद अभी कई काम बाकी है। यही नहीं लोगों को जल्द इसके शुरू होने का इंतजार है। लेकिन निगम में पैसों के संकट और ठेकेदारों के बकाया बिल के कारण लंबे समय से निर्माणधीन इस संकुल का काम धीमी रफ्तार के कारण अभी तक अधूरा है।

## संपादकीय

# युद्ध के बिगड़ते स्वरूप के बीच भारतीयों को वापस लाना चिंता का विषय

सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में यह कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। खासतौर पर हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसमें मध्य-पूर्व के देशों में भी स्थिति चिंताजनक हो रही है। इस बीच भारत के लिए एक बड़ी फिक्र यह खड़ी हुई है कि अलग-अलग उद्देश्य से मध्य-पूर्व के देशों में गए जो भारतीय फंस गए हैं, उन्हें वहां से सुरक्षित कैसे निकाला जाए। अमेरिका और इजरायल के साझा हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल को निशाना बनाने के साथ-साथ बहरीन, सऊदी अरब, कतर समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल से हमले किए हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि वहां रहने वाले लोगों के सामने किस तरह की मुश्किलें खड़ी हो रही होंगी। स्वाभाविक ही भारत के सामने बड़ी चिंता उन इलाकों में फंसे भारतीयों को वापस लाने की है। दरअसल, समूचे पश्चिम एशिया का इलाका इस समय युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया लग रहा है। स्वाभाविक ही वहां रह रहे तमाम आम लोगों के सामने खुद को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, जो लोग दूसरे देशों से वहां गए हैं, वे किसी तरह वहां से निकलने की उम्मीद में हैं। ऐसे में भारत सरकार ने युद्ध प्रभावित देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश शुरू की है, लेकिन ठोस नतीजे के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीयों की सहायता के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम उठाएं। सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। भारत ने शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विवादों के समाधान के लिए संवाद तथा कूटनीति का समर्थन किया है, लेकिन फिलहाल ज्यादा जरूरत इस बात की है कि युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए। गौरतलब है कि ईरान में करीब दस हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, जो पढ़ाई और काम करते हैं। वहीं इजरायल में चालीस हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। इसके अलावा, खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में लगभग नब्बे लाख भारतीय रहते हैं। इन देशों में सैन्य तनाव बढ़ने और युद्ध का दायरा फैलने की वजह से उड़ान सेवाएं व्यापक पैमाने पर बाधित हुई हैं और बहुत सारे वैसे भारतीय उन जगहों के हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं, जो किसी तरह वतन लौटना चाहते हैं। हालांकि इससे पहले कई बार अलग-अलग देशों में भड़के युद्ध के दौरान भारत ने अपने हजारों नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है। मगर इस बार सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि युद्ध में शामिल देशों के बीच हमले अपनी पूरी तीव्रता के साथ जारी हैं और आम लोगों के लिए हवाई क्षेत्र बंद है। जब तक हमलों में कमी नहीं आएगी और यात्री उड़ानों की गुंजाइश नहीं बनेगी, तब तक बचाव अभियान शुरू करना शायद मुश्किल हो। ऐसे में कूटनीतिक पहल और संवाद के सहारे युद्ध प्रभावित इलाकों से भारतीयों की सुरक्षित वापसी का रास्ता निकालने की जरूरत है।

# कलेक्टर ने किया लवकुश फ्लाय ओवर ब्रिज का निरीक्षण

## जून तक होगा काम पूरा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने तथा आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए लवकुश चौराहे पर निर्माणाधीन लेवल-2 फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य का कलेक्टर शिवम वर्मा तथा आईडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े ने निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने निर्माण एजेंसी से अब तक की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। यह ब्रिज लगभग 180 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है जो आगामी जून माह तक तैयार किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# अष्टांग आयुर्वेद अस्पताल में शाम की ओपीडी शुरू



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मरीजों की सुगमता के लिए प्रमुख सचिव आयुष विभाग के निर्देश अनुसार शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लोकमान्य नगर द्वारा शाम 6 से 8 बजे के ओपीडी की शुरुआत की गई है, जिसमें मरीज शाम के समय भी विशेषज्ञों को अपनी बीमारी बता सकते हैं। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अजीतपाल सिंह, डॉ. जगदीश पंचोली, डॉ. अखिलेश भार्गव सहित अन्य मौजूद थे।

# कलेक्टर कार्यालय में लगा हर्बल कलर, उपले और गेहूं की बाली का स्टॉल

### ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियों की अनूठी पहल, सुरक्षित होली का संदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर कार्यालय परिसर में होली पर्व को सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से हर्बल रंग, उपले और गेहूं की बाली का विशेष स्टॉल लगाया गया। यह स्टॉल ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित किया गया, जिसमें प्राकृतिक सामग्री से तैयार किए गए हर्बल गुलाल और पूजा सामग्री उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्टॉल का अवलोकन किया तथा स्वयं हर्बल रंग और उपले खरीदकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हर्बल रंगों का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

# स्टैमिना को बढ़ाने के असरदार तरीके

*एक्सपर्ट के अनुसार ऐसी स्पीड से दौड़ना चाहिए जिसमें आप आराम से बात कर सकें। आज के समय में रनिंग सिर्फ फिट रहने का जरिया नहीं, बल्कि वजन कंट्रोल करने, एनर्जी बढ़ाने और स्ट्रेस कम करने का भी तरीका बन चुकी है। कोरोना के बाद सांस फूलने की समस्या, बढ़ता मोटापा और थकान भरी लाइफस्टाइल ने कई लोगों को रनिंग की ओर मोड़ा है। लेकिन ज्यादातर लोग कुछ ही मिनटों में हांफने लगते हैं। इसे लेकर फिटनेस एक्सपर्ट बताते हैं कि इसका कारण जूते या स्पीड नहीं, बल्कि स्टैमिना की कमी होती है। वहीं सही आदतों और स्मार्ट ट्रेनिंग से स्टैमिना धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है।*

दरअसल रनिंग में सबसे बड़ी गलती बहुत तेज शुरुआत करना होती है। जब हमारा शरीर तैयार नहीं होता तो जल्दी थकान और चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में एक्सपर्ट के अनुसार ऐसी स्पीड से दौड़ना चाहिए जिसमें आप आराम से बात कर सकें। वहीं हर हफ्ते दूरी या स्पीड 10 फीसदी से ज्यादा नहीं बढ़ानी चाहिए, ताकि शरीर को एडजस्ट होने का पूरा समय मिल सके। इसके अलावा गलत तरीके से सांस लेने से एनर्जी जल्दी खत्म हो जाती है। कई लोग दौड़ते वक्त छोटी-छोटी सांसें लेते हैं। इसकी जगह पेट से गहरी सांस लेने की आदत डालनी चाहिए। इसके लिए तीन कदम में सांस लेनी चाहिए और



दो कदम में छोड़नी चाहिए। इससे मसल्स तक ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचती है और दौड़ना आसान लगता है। मजबूत मसल्स रनिंग को आसान बनाते हैं। ऐसे में स्क्वैट्स, लंजेस, प्लैंक और ग्लूट ब्रिज जैसे एक्सरसाइज पैरों और कोर को मजबूत करते हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि इससे न सिर्फ स्टैमिना बढ़ता है, बल्कि घुटने, टखने और कमर की चोटों का खतरा भी कम होता है। वहीं कई रनर्स कम खाना खा लेते हैं। जबकि रनिंग के दौरान शरीर को एनर्जी के लिए कार्ब्स की जरूरत होती है। ऐसे में डाइट में साबुत अनाज, फल और सब्जियां शामिल करें। वहीं प्रोटीन मसल्स की रिकवरी में मदद करता है। साथ ही पानी की कमी भी स्टैमिना घटा सकती है, इसलिए हाइड्रेट रहना जरूरी है। स्टैमिना सिर्फ दौड़ने से नहीं, बल्कि आराम के दौरान भी बनता है। इसके लिए रोज 7 से 8 घंटे की अच्छी नींद लेनी चाहिए। वहीं बीच-बीच में रेस्ट डे लेना मसल्स की रिकवरी के लिए जरूरी है। बिना आराम के लगातार रनिंग करने से थकान बढ़ती है और प्रोग्रेस रुक सकती है।

# प्रेम विवाह के बाद किया विवाद, दी धमकी

**इंदौर।** चंदननगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गोवर्धन पैलेस गली नंबर 2 निवासी विजय पंवार ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके पुत्र दीपक ने मोनिका से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से रुपए को लेकर विवाद चल रहा था। मोनिका, उसका पति दीपक, उसकी मां ललिता और बहन कुमकुम उनके घर पहुंचे और विवाद करने लगे। शिकायत में आरोप है कि चारों ने गालियां दीं। विरोध करने पर हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे फरियादी के गले और दाहिने कान पर चोट आई। घटना को उनकी पत्नी सविता पंवार और नरेश साहू ने देखा। फरियादी के अनुसार आरोपियों ने रिपोर्ट करने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

## जेवर और नगदी लेकर बदमाश फरार

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर नगर में बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, घटना अंबेडकर नगर स्थित मकान नंबर 172 की है। मकान मालिक घनश्याम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात बदमाश ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने घर में रखे सूटकेस को खंगाला और उसमें रखे सोने का हार, मंगलसूत्र, चांदी की करधनी, बिछिया, एक सैमसंग मोबाइल और 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण किया। एमआईजी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है ताकि जल्द ही आरोपियों तक पहुँचा जा सके।

# सफलता के बावजूद खुद पर शक क्यों? एक्सपर्ट से समझें इस मानसिक स्थिति के कारण और समाधान

**फोर्टिस** हॉस्पिटल और अदायु माइंडफुलनेस मेंटल हेल्थ में क्लीनिकल साइकोलोजिस्ट मीमांसा सिंह तंवर ने बताया Imposter Syndrome कोई बीमारी नहीं है बल्कि ये एक मानसिक स्थिति है, जहां व्यक्ति को लगता है कि उसकी सफलता सिर्फ एक तुक्का है। डिग्री है, नौकरी है, तारीफ भी मिलती हैष्ठ फिर भी अंदर से एक आवाज़ कहती है, मैं यहां डिज़र्व नहीं करती। ये आवाज किसी और की नहीं बल्कि पूजा के अंदर की आवाज है। पूजा एक ऐसी लड़की है जो एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीनियर पोजिशन पर काम करती है। सालों का अनुभव है, जिस कंपनी में काम करती है वहां मान भी है और सम्मान भी है। बॉस और बाकी एंप्लॉय काम की तारीफ करते हैं लेकिन पूजा का ज़हन उसे हर वक्त कुरेदता रहता है। ऑफिस में काम अच्छा करती हैं, अच्छी प्रेजेंटेशन है, काम दिखता भी है लेकिन पूजा के दिमाग में एक ही ख्याल घूमता रहता है 'आज तो बच गई एक दिन सबको पता चल जाएगा कि मैं इतनी काबिल नहीं हूं जितना ये लोग मानते हैं। ऐसा पूजा के साथ किसी एक मौके पर नहीं होता बल्कि कई मौके ऐसे होते हैं जब पूजा खुश होने के बजाए अपनी कमियों को तलाशती रहती है। लोग प्रमोशन लेते समय खुश होते हैं लेकिन पूजा सोचती है कि कंपनी के पास ऑप्शन नहीं है इसलिए मुझे प्रमोट किया।

वो किस्मत पर ज्यादा भरोसा करती है और मेहनत को कम आंकती है। वो जरूरत से ज़्यादा काम करती है, छुट्टी लेने से डरती है और हर वक्त खुद को साबित करने की कोशिश में थक जाती है।




जबकि बाहर से देखने पर वह पूरी तरह सफल और कॉन्फिडेंस लगती है। पूजा की ये मानसिक स्थिति एक ऐसी सोच है जो उसके कॉन्फिडेंस को नीचे कर रही है। साइकोलॉजी में इसे इम्पोस्टर सिंड्रोम कहा जाता है।

### इम्पोस्टर सिंड्रोम क्या है? क्या ये कोई मानसिक बीमारी है?

आप जानते हैं कि पूजा की ये सोच एक मानसिक स्थिति है जिसे इम्पोस्टर सिंड्रोम कहते हैं। इस सिंड्रोम का शिकार लोग सफलता के बावजूद खुद को फ्रॉड महसूस करते हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल और अदायु माइंडफुलनेस मेंटल हेल्थ में क्लीनिकल साइकोलोजिस्ट मीमांसा सिंह तंवर ने बताया Imposter Syndrome कोई बीमारी नहीं है बल्कि ये एक मानसिक स्थिति है, जहां व्यक्ति को लगता है कि उसकी सफलता सिर्फ एक तुक्का है। इस स्थिति में मरीज सेल्फ डाउट करता है। इस स्थिति में इंसान का दिमाग उसे धोखेबाज महसूस कराता है। इस तरह के लोगों में सेल्फ जजमेंट बहुत ज्यादा हाई होता है। वो काबिल होते हैं, कैपेबल होते हैं, अपनी एक्सपेक्टेशन को ज्यादा हाई रखते हैं और खुद को कम आंकते हैं। आपको बता दें कि अल्बर्ट आइंस्टीन और टॉम हैंक्स जैसे दिग्गज भी इस स्थिति से गुजर चुके हैं।

**इम्पोस्टर सिंड्रोम के लक्षण कौन-कौन से हैं?-** बढ़िया काम करना लेकिन उसका क्रेडिट न लेना, फेल होने का डर रहना, दूसरों से तुलना करना, हमेशा ज्यादा मेहनत (Overworking) करना इस सिंड्रोम के लक्षण हो सकते हैं। खुद के लिए निगेटिव इवैल्युएशन होना, कामयाबी आती है फिर भी उसको नकारते हैं। फेल होने का डर होना

ज्यादा काम करके खुद को बर्नआउट करना

अपने प्रतिद्वंदी लोगों के साथ तुलना करना

**इंपोस्टर सिंड्रोम के पीछे सबसे आम मनोवैज्ञानिक कारण?-** ये एक ऐसी परेशानी है जो मर्द या औरत किसी को भी हो सकती है। ये मानसिक सिंड्रोम प्रोफेशनल्स में ज्यादा देखने को मिलता है। स्टूडेंट और प्रोफेशनल लोग इस सिंड्रोम से ज्यादा पीड़ित होते हैं। ये एक क्लीनिकल डिसऑर्डर नहीं है बल्कि ये एक फिनोमिना है। बच्चों में बचपन से अगर कोई क्रिटिकल अप्रोच रहा हो तो उन में ये लक्षण ज्यादा देखने को मिलते हैं। घर का स्ट्रिक माहौल बच्चों की इस मानसिक स्थिति का कारण बनता है। प्रोफेशनलिज्म में ये सिंड्रोम ज्यादा देखा जाता है।

**क्या इम्पोस्टर सिंड्रोम से पूरी तरह बाहर निकला जा सकता है?-** इस सिंड्रोम से बाहर निकला जा सकता है उसके लिए आप CBT (Cognitive Behavioral Therapy) की मदद ले सकते हैं। इससे बाहर आने के लिए सेल्फ-टॉक असरदार साबित हो सकती है। आप खुद से बात करके गलत और सही को पहचान सकते हैं। इस परेशानी में आप खुद का मूल्यांकन करें। अपने निगेटिव थॉट्स पर कंट्रोल करें। आप इस परेशानी से बाहर आने के लिए थेरेपी का सहारा ले सकते हैं। आप डॉक्टर के पास जाकर बातचीत से इस स्थिति को कंट्रोल कर सकते हैं।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री विशेष पिता श्री अर्जुन मंघानी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1004494824 खसरा 191-192 व अन्य भिचौली मर्दाना 16 साकेत लीगेसी पैकी भाग इंदौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# सबसे ज्यादा बार नाबाद रहने वाले भारतीयों में शिवम दुबे ने युवराज सिंह को पछाड़ा

**मुंबई।** भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारत ने वेस्टइंडीज को सुपर-8 मैच में पांच विकेट से हराने के बाद सेमीफाइनल में एंट्री मारी। संजू सैमसन (नाबाद 97) की यादगार पारी की बदौलत भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 196 रनों का ऐतिहासिक टारगेट चार गेंद बाकी रहते चेज किया। यह टी20 वर्ल्ड कप में भारत द्वारा चेज किया गया सबसे बड़ा लक्ष्य है। सैमसन के अलावा ऑलराउंडर शिवम दुबे भी नाबाद लौटे। उन्होंने चार गेंदों का सामना करने के बाद आठ रन बनाए। 19वें ओवर में बैटिंग करने उतरे दुबे ने दो चौके लगाकर भारत के ऊपर से आखिरी ओवर का प्रेशर काम किया। सैमसन ने 20वें ओवर में छक्का और चौका लगाकर जीत दिलाई।

### शिवम दुबे ने युवराज सिंह को पछाड़ा

शिवम दुबे ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में चेज के दौरान सबसे ज्यादा बार नाबाद रहने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में युवराज सिंह को पछाड़ दिया है। दुबे अभी तक 10 बार नाबाद लौटे और हर मर्तबा भारत ने जीत दर्ज की। पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर युवराज 9 बार नाबाद रहे और भारत ने हर बार विजयी परचम फहराया। टी-20आई चेज में सबसे ज्यादा बार नाबाद रहने का भारतीय रिकॉर्ड दिग्गज एमएस धोनी के नाम दर्ज है। पूर्व भारतीय



कप्तान धोनी ने 20 मर्तबा नाबाद लौटे और टीम ने 15 बार जीत हासिल की। उनके बाद स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं, जो 18 बार नाबाद रहे। कोहली जब भी नाबाद लौटे तो भारत को जीत नसीब हुई। वह टी-20आई और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

### टी-20आई चेज में सबसे ज्यादा बार नाबाद रहने वाले भारतीय (जीत)

20 बार - एमएस धोनी (15)
18 बार - विराट कोहली (18)
14 बार - दिनेश कार्तिक (13)
11 बार - हार्दिक पांड्या (10)
10 बार - शिवम दुबे (10)
10 बार - सूर्यकुमार यादव (10)
10 बार - रोहित शर्मा (7)
9 बार - युवराज सिंह (9)
8 बार - तिलक वर्मा (8)
8 बार - ऋषभ पंत (8)

**नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय)**
**नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर**
**E-mail: ee2_narmada@rediffmail.com, Ph.: 0731-2712846**

**निविदा सूचना क्रमांक:** 58/2025-26/नर्मदा.परि/न.पा.नि.

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

इन्दौर, दिनांक: 26.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD |
|---|---|---|---|---|
| 01 प्रथम आमंत्रण | 2026_UAD_486442_1 | यशवंत सागर जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत देवधरम वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर परीक्षण हेतु मल्टी पैरामीटर एनालाईज़र क्रय करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्यूल अनुसार) | 1) 01 माह<br>2) ₹1,02,519/- | 1) ₹2,050/-<br>2) ₹2,000/- |
| 02 प्रथम आमंत्रण | 2026_UAD_486442_2 | यशवंत सागर जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत देवधरम ट्रीटमेंट प्लांट पर जलशोधन हेतु द्रव क्लोरिन क्रय करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्यूल अनुसार) | 1) 16 माह<br>2) ₹5,84,100/- | 1) ₹11,682/-<br>2) ₹2,000/- |
| 03 प्रथम आमंत्रण | 2026_UAD_486442_3 | यशवंत सागर जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत देवधरम ट्रीटमेंट प्लांट पर जलशुध्दिकरण हेतु आवश्यक केमिकल पोली एलुमिनियम क्लोराइड (PAC) क्रय करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 16 माह<br>2) ₹19,42,560/- | 1) ₹38,851/-<br>2) ₹2,000/- |

**नोट:**

1. *निविदा समूह क्रमांक-1 से 2 तक अंकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय कर जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक-16.03.2026 सायं 18:00 बजे तक निर्धारित है एवं
   *निविदा समूह क्रमांक-3 पर अंकित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय कर जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 1.4.2026 सायं 18:00 बजे तक निर्धारित है।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http:/mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**(जलप्रदाय)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला इन्दौर (म.प्र.)**

**क्रमांक 995/खनिज/2026** **इन्दौर, दिनांक-26/02/2026**

**सूचना**

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अन्तर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीरज सिंह बुंदेला पिता मोहनसिंह बुंदेला निवासी राम मंदिर चौक पान्दा इन्दौर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 09/12/2025 को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से तीस दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाइन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https:ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्रम | खसरा नम्बर | रकबा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्दौर | डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) | जामन्या जागीर | 2 | 1.4800 है. | शासकीय भूमि | मुरम |
| | **कुल रकबा** | | | **1.4800 है.** | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के सम्बंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय 6.00 बजे तक) आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 3 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि में आवेदन प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की जावेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**जी-26806/25**

**प्रभारी अधिकारी**
**(खनिज शाखा)**
**इन्दौर (म.प्र.)**

# अब तक दो बार भिड़ी है भारत-इंग्लैंड, दोनों का रिकॉर्ड बराबर

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड से है। 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दोनों टीमों की टक्कर होगी। टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। 2022 और 2024 में हुए टूर्नामेंट में भी सेमीफाइनल में दोनों टीमों की टक्कर हुई थी। हम आपको उन दोनों मैचों के नतीजे बताते हैं।



## एडिलेड में इंग्लैंड 10 विकेट से जीता

एडिलेड ओवल पर हुए इस सेमीफाइनल मुकाबले को इंग्लैंड ने 10 विकेट से जीता था। हार्दिक पंड्या के 63 और विराट कोहली को 50 रनों की पारी की मदद से भारत ने 6 विकेट पर 168 रन बनाए। इंग्लैंड ने 4 ओवर रहते ही लक्ष्य चेज कर लिया था। एलेक्स हेल्स के बल्ले से 47 गेंद पर 86 रन निकले जबकि जोस बटलर ने 49 गेंद पर 80 रन बनाए थे। इंग्लैंड की टीम ने उस टूर्नामेंट को भी अपने नाम किया था।

## टीम इंडिया ने 68 रनों से मारा मैदान

2024 में गुयाना को जॉर्जटाउन में भारत और इंग्लैंड की भिड़ंत सेमीफाइनल में हुई। रोहित शर्मा ने 57 और सूर्यकुमार यादव ने 47 रनों की पारी खेलकर भारत को 171 रनों तक पहुंचा दिया। 17वें ओवर में इंग्लैंड की टीम सिर्फ 103 रनों पर ऑलआउट हो गई। भारत ने मैच को 68 रनों से बड़े अंतर से अपने नाम किया। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने 3-3 जबकि जसप्रीत बुमराह ने दो शिकार किए थे। भारतीय टीम ने फाइनल जीतकर टी20 विश्व कप 2024 को भी अपने नाम किया था।

## दोनों सेमीफाइनल एकतरफा रहे

भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले दोनों सेमीफाइनल मुकाबले एकतरफा रहे हैं। इस बार मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर है। इंग्लैंड की टीम लय में नहीं है लेकिन इसके बाद भी किसी तरह मैच जीत रही है। नेपाल और इटली के खिलाफ ग्रुप राउंड में उसे जैसे तैसे जीत मिली थी। सुपर-8 में भी उसके सभी मैच टक्कर वाले रहे। भारतीय टीम भी अपने चिर परिचित अंदाज में क्रिकेट नहीं खेल रही है। टीम के कई खिलाड़ी फॉर्म से जूझ रहे हैं।

## अब तक इतनी बार कोई टीम नहीं पहुंची सेमीफाइनल में, भारत ने किया नया कमाल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। मेजबान भारत ने आखिरी सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। भारत डिफेंडिंग चैंपियन है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने वेस्टइंडीज को आखिरी सुपर-8 मैच में पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। 'संकटमोचक' संजू सैमसन ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यादगार पारी खेली। भारत का पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से सामना होगा। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत टी20 वर्ल्ड कप में छठी बार सेमीफाइनल खेलता हुआ नजर आएगा। वहीं, टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में चार मार्च को साउथ अफ्रीका की न्यूजीलैंड से भिड़ंत होगी। यह मैच ईडन गार्डन्स में होगा। भारत ने एक नया कमाल किया है। भारत आईसीसी टूर्नामेंट में 20 बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है।

# पहला सेमीफाइनल मुकाबला कल

## पिछले पांच मुकाबलों में कीवी टीम भारी रही है प्रोटियास पर

**नई दिल्ली ।** टी20 विश्व कप 2026 का पहला सेमीफाइनल ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स पर साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होगा। साउथ अफ्रीका ने अभी तक टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते हैं। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड की टीम बेहतर नेट रन रेट की वजह से सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। इन दोनों टीमों के बीच ग्रुप राउंड में मुकाबला हुआ था। उसमें साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 17 गेंद रहते 7 विकेट से हरा दिया था।



## साउथ अफ्रीका vs न्यूजीलैंड हेड टू हेड

साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच 2005 में पहली बार टी20 मुकाबला हुआ था। उस मैच को न्यूजीलैंड ने जीता था। अभी तक दोनों टीमों के बीच टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 19 मुकाबले हो चुके हैं। इसमें साउथ अफ्रीका ने 12 में जीत हासिल की जबकि न्यूजीलैंड को सिर्फ 7 में जीत मिली है। हालांकि, आखिरी 5 मैचों की बात करें तो न्यूजीलैंड का पलड़ा 3-2 से भारी है। इसी वजह से कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है।

## टी20 विश्व कप में किसका पलड़ा भारी?

टी20 विश्व कप इतिहास में तो साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच मामला एकतरफा रहा है। अभी तक हुए सभी 5 मैचों को साउथ अफ्रीका ने अपने नाम किया है। टीम को 2007 में टीम को 6 विकेट, 2009 में एक रन, 2010 में 12 रन, 2014 में दो रन और 2026 में 7 विकेट से जीत मिली है। हालांकि इसमें से कोई भी मुकाबला नॉकआउट का नहीं था। दोनों टीमें पहली बार टी20 विश्व कप के नॉकआउट में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

## दोनों के हाथ नहीं लगी टी20 विश्व कप की ट्रॉफी

न्यूजीलैंड ने अभी तक सभी टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया है। टीम तीन बार सेमीफाइनल से बाहर हुई है और एक बार फाइनल में हारी है। साउथ अफ्रीका की टीम भी अभी तक इस टूर्नामेंट को जीतने में सफल नहीं हो पाई है। टीम चौथी बार सेमीफाइनल में है। 2009 और 2014 में उसे सेमीफाइनल में हार मिली तो 2024 में भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबला नहीं जीत पाई।

# टी20 विश्वकप के बीच बीसीसीआई ने शुरू की भविष्य की तैयारी

## जहीर खान और हरभजन सिंह से किया संपर्क

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।




बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। पता चला है कि सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने पूर्व साथियों से चार से पांच दिन के विशेष शिविरों के लिए संपर्क किया था।

इस घटनाक्रम से अवगत बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। यह एक स्वागत योग्य पहल है जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।

माना जा रहा है कि टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अनिल कुंबले से कलाई के स्पिनरों के लिए एक शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने से पहले विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे क्योंकि इनमें से कई खिलाड़ियों को अपनी-अपनी आईपीएल टीमों से जुड़ना होगा।

# दुखी मत हो, मौका कभी भी आ सकता है

**मुंबई ।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत भारतीय टीम ने 7 फरवरी को की थी। उसी दिन से टूर्नामेंट की भी शुरुआत हुई थी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम अपना पहला मैच खेलने उतरी। सामने यूएसए की टीम थी। मैदान पर जश्न की तैयारी थी। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी मैदान पर मौजूद थे। वे इस टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर थे। उनको भी पता था कि संजू सैमसन अभी प्लेइंग इलेवन में नहीं होंगे, लेकिन आगे टूर्नामेंट में मौका मिल सकता है। इसके लिए रोहित ने कहा था कि तुमको भी मौका मिल सकता है, तैयार रहना।



टी20 वर्ल्ड कप 2024 विनिंग टीम का हिस्सा रहे संजू सैमसन उस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे। 2026 के टूर्नामेंट के लिए जब टीम चुनी गई थी तो संजू सैमसन मैन विकेटकीपर और ओपनर थे, लेकिन इस टूर्नामेंट से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज सैमसन के लिए खराब रही और फिर साफ हो गया था कि अब अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ओपन करेंगे और संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ेगा। ऐसे में रोहित शर्मा ने टूर्नामेंट के पहले दिन कहा था कि दुखी मत हो भाई, टूर्नामेंट लंबा है, मौका कभी भी आ सकता है। आईसीसी ने रोहित और सैमसन का वह वीडियो शेयर किया है, जिसे 7 फरवरी को शूट किया गया था।

# आईटा कोचिंग इंटरमीडियेट प्लेयर कोचेस कोर्स इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित

**इंदौर।** ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वाधान में मध्यप्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आईटा कोचिंग इंटरमीडियेट प्लेयर कोचेस कोर्स आयोजित किया जा रहा है। इस कोचेस कोर्स का ओपचारिक उद्घाटन समारोह अनिल धूपर महासचिव, ऑल इंडिया टेनिस संघ के मुख्य आतिथ्य में किया गया। धूपर ने बताया कि यह कोचेस कोर्स 1 से 7 मार्च तक किया जा रहा है। जिसमें ऑल इण्डिया टेनिस संघ के मुख्य ट्यूटर, कंवलजीत सिंह, चंडीगढ एवं सहायक ट्यूटर, इन्द्र कुमार महाजन, इंदौर इस कोर्स का संचालन करेंगे। इस कोर्स में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, गोवा से कोचेस सम्मिलित हुए है। इस कोर्स में उनको तकनिकी, टेक्टोकल, मानसिक दक्षता, शारीरिक दक्षता के बारे में पढ़ाया जाएगा तथा इनकी लिखित एवं प्रायोगिक परिक्षाएं भी होंगी।



# सगाई के बाद विवाद,शादी से इंकार कर मांगे कपड़े और जेवर, युवती के पिता से मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कनवासा में एक युवक की शर्मनाक करतूत सामने आई है। सगाई के एक साल बाद युवक ने न केवल रिश्ता तोड़ने की घोषणा की, बल्कि युवती के घर पहुंचकर सगाई में दिए उपहार वापस मांगते हुए अपने होने वाले ससुर पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, ग्राम कनवासा निवासी फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी की सगाई करीब एक साल पहले उज्जैन निवासी आदित्य पिता दिनेश खोकर के साथ हुई थी। एक मार्च की दोपहर आदित्य अचानक फरियादी के घर पहुंचा और बोला कि उसे अब यह रिश्ता नहीं रखना है। उसने सगाई की रस्म में दिए गए चांदी के पायजेब और कपड़े तुरंत वापस करने की मांग शुरू कर दी। जब पीड़ित पिता ने उसे समझाने की कोशिश की और पूछा कि 'अचानक रिश्ता क्यों तोड़ रहे हो, अब मैं बेटी का रिश्ता कहीं और कैसे कर पाऊंगा?', तो आरोपी आदित्य गाली-गलौज पर उतर आया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने पास पड़ा डंडा उठाकर फरियादी पर हमला कर दिया। हमले में पिता को चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर जब पत्नी, बेटी और ग्रामीण इकट्ठा हुए, तो आरोपी वहां से भाग निकला।फरियादी का आरोप है कि भागते समय आरोपी ने धमकी दी कि 'आज तो बच गया, आइंदा अगर रिश्ते की बात की तो जान से मारकर फेंक दूंगा।'





# पुलिस का 'ऑपरेशन नकेल'

## 42 अपराधियों की परेड, भरवाया डोजियर, लाल-पीले नोटिस जारी कर दी सख्त चेतावनी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**होली और रमजान जैसे त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चंदन नगर पुलिस ने अपराधियों की कमर तोड़ने की रणनीति अपना ली है। सोमवार को थाना प्रभारी ने क्षेत्र के 42 सूचीबद्ध गुंडों और चाकूबाजों को अचानक थाने बुलवाया। यहाँ उनकी परेड ली गई और भविष्य में गुनाह की दुनिया से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी गई।**

जोन-4 के डीसीपी आनंद कलादगी और एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिलक करोले ने यह बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने न केवल अपराधियों को धरदबोचा, बल्कि उनका आपराधिक डोजियर भी अपडेट करवाया। अपराधियों का वर्गीकरण करते हुए लाल और पीले नोटिस थमाए गए।पुलिस ने अपराधियों की सक्रियता के आधार पर उन्हें वर्गीकृत किया है जिसमे शातिर और सक्रिय अपराधियों को लाल नोटिस जबकि कम सक्रिय अपराधियों को पीले नोटिस थमा कर हिदायत दी गई। थाने में सभी बदमाशों को सख्त लहजे में हिदायत दी गई कि त्योहारों के दौरान किसी भी असामाजिक गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर सीधे जेल की हवा खानी पड़ेगी। पुलिस ने बदमाशों से डोजियर भी भरवाया है।

# 65 लाख की आर्थिक धोखाधड़ी, पुलिस ने महिला के खिलाफ दर्ज किया केस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक बड़ी आर्थिक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक महिला ने फरियादी के साथ 65 लाख रुपये से अधिक की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, महेश एवेन्यू छोटा बांगड़दा रोड निवासी दीपक चांदोरे ने शिकायत दर्ज कराई है कि दीया मेहरा नामक महिला ने उनके साथ 65 लाख 57 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। यह घटना 28 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे के आसपास की बताई गई है। फरियादी ने पुलिस को वे मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं, जिनके माध्यम से आरोपी महिला उनसे संपर्क करती थी। प्राथमिक जांच के बाद एरोड्रम पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इतनी बड़ी रकम का लेनदेन किस माध्यम से हुआ। बैंक खातों के ट्रांजेक्शन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी महिला तक पहुँचा जा सके।

# कार शोरूम में करोड़ों का घोटाला

## *25 कारों की बिक्री में हेरफेर करने वाले पूर्व मैनेजर पर केस दर्ज*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित देवास नाका एबी रोड पर संचालित नेक्सा शोरूम के 'ट्रू-वैल्यू' आउटलेट में एक बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। शोरूम के तत्कालीन मैनेजर ने 25 कारों की बिक्री में धोखाधड़ी कर कंपनी को लाखों रुपये का चूना लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हेमराज यादव निवासी मुखर्जी नगर, देवास उस समय आउटलेट में मैनेजर के पद पर पदस्थ था। आरोप है कि उसने ग्राहकों और ब्रोकरों से पुरानी कारों की बिक्री के बदले नगद और ऑनलाइन माध्यम से राशि प्राप्त की। जांच में खुलासा हुआ कि लगभग 42 लाख 96 हजार रुपये की ऑनलाइन राशि को छिपाने के लिए उसने अन्य वाहनों के फर्जी सेल एग्रीमेंट तैयार किए और उन्हें लेखा शाखा में जमा करा दिया। मैनेजर ने शातिर तरीके से 25 कारों से प्राप्त राशि का समायोजन अन्य वाहनों के नाम पर दर्शाया और उस रकम का निजी स्वार्थ के लिए दुरुपयोग किया। इस पूरी धोखाधड़ी से कंपनी को भारी आर्थिक क्षति हुई है। लसूड़िया पुलिस ने कंपनी की शिकायत पर धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है।

# पुलिस ने जब्त की 5 क्विंटल रामरज

## केमिकल रंगों के खिलाफ तीन दुकानदारों पर पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**होली और रंगपंचमी के दौरान नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों पर इंदौर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में चलाए गए आकस्मिक चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने जहरीले केमिकल युक्त रंगों के साथ-साथ करीब 5 क्विंटल हानिकारक रामरज जब्त की है।**

बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुलिस टीमों ने रंग की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भारी मात्रा में घटिया और हानिकारक रंगों का स्टॉक मिला। पुलिस ने मौके से 87 बोरियां जब्त कीं, जिनमें लगभग 2.175 क्विंटल रामरज और रसायनिक पदार्थ भरा हुआ था। हाथीपाला क्षेत्र में कोतवाली पुलिस ने दुकानदार अजय मालवीय की दुकान पर दबिश दी। जांच करने पर पता चला कि पुताई में इस्तेमाल होने वाले पीले खुरदुरे पदार्थ रामरज को होली के रंग के रूप में बेचा जा रहा था। पुलिस ने यहाँ से 148 बोरियां जब्त कर दुकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।इसी तरह एरोड्रम थाना पुलिस ने कालानी नगर स्थित 'सुखश्री पूजन सामग्री' दुकान पर छापा मारा। यहाँ दुकानदार अमन जैन प्रतिबंधित और केमिकल युक्त रंगों के पैकेट बेहद सस्ते दामों पर बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# बस भरकर कोर्ट भेजे गए 32 गुंडे-बदमाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आगामी होली के त्यौहार पर शहर में हुड़दंगियों और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लसूड़िया पुलिस ने एक बड़ी और प्रभावी कार्वाई को अंजाम दिया है। क्षेत्र के शांति व्यवस्था को भंग करने की आशंका वाले 32 सक्रिय अपराधियों को एक साथ हिरासत में लिया गया। आरोपियों की संख्या इतनी अधिक थी कि पुलिस को उन्हें कोर्ट ले जाने के लिए पूरी बस का इस्तेमाल करना पड़ा। एसीपी पराग सैनी के निर्देशन में थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी और उनकी टीम ने क्षेत्र के सूचीबद्ध बदमाशों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ की।



इस कार्वाई के दौरान चौंकाने वाले खुलासे हुए। 5 बदमाश अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए, जिनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। 2 आरोपियों को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। 12 ऐसे बदमाश दबोचे गए जो लंबे समय से पुराने अपराधों में फरार चल रहे थे। 13 अन्य अपराधियों को भी हिरासत में लिया गया जो वर्तमान में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे। पकड़े गए सभी 32 आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। चूंकि आरोपियों की संख्या बहुत ज्यादा थी, इसलिए पुलिस ने उन्हें बस में भरकर एसीपी कोर्ट पहुंचाया। लसूड़िया पुलिस की इस मेगा कार्वाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में तेज और लापरवाही से चलाई जा रही मोटरसाइकिल की टक्कर से एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम सोनवाय स्थित ब्रेड कंपनी के पास मोटरसाइकिल नम्बर एमपी-12 एमक्यू-3491 के चालक ने वाहन तेज गति और असावधानी से चलाते हुए पीछे से बाबूलाल (55) को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाबूलाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्वाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।